12 से 15 दिनों के अंतराल में मिल रहा पेयजल, बिजली की कटौती से किसानों को हो रही परेशानी

अनियमित जलापूर्ति और बिजली की समस्या से ग्रामीण हालाकान

ग्रामीणों में देखा जा रहा भारी आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिंगोड़ी

सिंगोड़ी ग्राम पंचायत में नल-जल योजना पूरी तरह से ठप पड़ी होने के कारण ग्रामीणों को भीषण जल संकट का सामना करना पड़ रहा है। पानी की अनियमित आपूर्ति को लेकर ग्रामीणों में भारी आक्रोश देखा जा रहा है। ग्रामीणों के अनुसार, उन्हें 12 से 15 दिनों के अंतराल पर नल का पानी मिल रहा है, और वह भी केवल 10 से 15 मिनट के लिए। पानी की इस घोर कमी से दैनिक जीवन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है और ग्रामीण पानी की एक-एक बूँद के लिए तरस रहे हैं। जब इस गंभीर विषय पर ग्राम पंचायत के कर्मचारियों से मीडिया ने बात की तो उन्होंने अपनी ओर से पल्ला झाड़ते हुए समस्या का ठीकरा बिजली विभाग पर फोड़ दिया। और कहा जा रहा है कि जल स्रोत पर्याप्त हैं और उनमें पानी की कमी नहीं है।

अघोषित बिजली कटौती बनी 'सर दर्द

पानी की समस्या से जूझ रहे ग्रामीणों के लिए अघोषित और अनियमित बिजली कटौती एक बड़ी सर दर्द बन गई है। बिजली का बार-बार जाना और तो वोल्टेज की समस्या न केवल नल-जल योजना के संचालन को प्रभावित कर रहा है, बल्कि ग्रामीणों के दैनिक जीवन में भी भारी परेशानी पैदा कर रहा है।ग्रामीणों ने प्रशासन से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है ताकि नल-जल योजना सुचारू रूप से चल सके और बिजली विभाग को नियमित वोल्टेज और निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने का निर्देश दिया जा सके।

आबकारी विभाग की बड़ी कार्यवाही

आबकारी विभाग ने अवैध शराब के अड्डों पर दी दबिश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुन्नारदेव

मंगलवार 9 दिसंबर को जिला कलेक्टर हरेंद्र नारायण के निर्देशन में तथा सहायक आबकारी आयुक्त बी.आर. वैद्य के मार्गदर्शन में छिंदवाड़ा जिले में अवैध शराब विनिर्माण, परिवहन, संग्रहण एवं विक्रय पर प्रभावी अंकुश लगाए जाने हेतु आबकारी वृत्त जामई के ग्राम पंचायत खारी में अवैध शराब के अड्डों में दबिश दी गई, जिसमें एक चढ़ी हुई भट्टी मिली जिसे नष्ट किया गया साथ ही 400 किलोग्राम महुआ लाहन का सैंपल लेकर विधिवत नष्ट किया गया। 15 बल्क लीटर हाथ भट्टी महुआ निर्मित शराब जप्त कर आबकारी विभाग ने कब्जे में लिया। कार्यवाही में मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 संशोधन 2000 की धारा 34(1) क तथा 34(1) च के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया गया। उपरोक्त कार्यवाही में आबकारी वृत्त प्रभारी अनिकेत पटेल एवं आरक्षक मिथुन उइके उपस्थित रहे।

माँ शारदा धाम से 19 मार्च को निकलेगी धर्म ध्वजा यात्रा

छिंदवाड़ा। चांदामेटा पहाड़ी पर स्थित मां शारदा धाम के संरक्षक उमाशंकर श्रीवास्तव ने बताया कि 6 दिसंबर को धर्म ध्वजा अर्पण यात्रा की शुरुआत मां शारदा से आशीर्वाद प्राप्त कर की गई। इसके बाद धर्म ध्वजा निकाली गई जो चौरई के ग्राम पालादौन पहुंची जहां जहां ग्राम मंदिर समिति के सदस्यों ने धर्म राजा का भावपूर्ण ढंग से स्वागत किया। पश्चात हनुमान मंदिर में मां शारदा की धर्म ध्वजा का पूजन अर्चन किया गया। पश्चात ग्राम के ही माता मंदिर में धर्म ध्वजा का पूजन किया गया। इसके बाद अनेक मंडलों से संपर्क कर धर्म ध्वजा वापस मां शारदा धाम में पहुंची श्री श्रीवास्तव ने बताया कि आगामी 19 मार्च 2026 को कोसमी मंदिर से मां शारदा की धर्म ध्वज की विशाल यात्रा पैदल निकल जाएगी जो मां शारदा धाम चांदामेटा पहुंचेगी। जहां पूजन पाठ के बाद मंदिर प्रांगण में धर्म ध्वजाएं स्थापित की जाएगी श्री श्रीवास्तव और समिति के सभी सदस्यों ने जिले भर के धर्मावलंबियों से अपील की है कि कार्यक्रम में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनावे एवं पुण्य लाभ अर्जित क होकर कार्यक्रम को सफल बनाने अपील की है। जय माता दी इसी क्रम में 7 दिसंबर को ध्वज यात्रा उमरेड एजेंसी जहां हनुमान मंदिर समिति के सदस्य मुलाकात की ने श्री श्रीवास्तव जी ने उन्हें कार्यक्रम के बारे में जानकारी दी उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित की सहमति दी इसके पास साथ जमाई की महिला मंडल जोहन्नौतिया से स्थित जोहन्नौतिया की है उनसे मुलाकात उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित होकर ध्वज लेकर उपस्थित होने की सहमति दी। इसी क्रम में कल दिनांक 8 दिसंबर को यात्रा किया है वह श्रीलंका पहुंची जहां भक्त जनों ने पूछा यात्रा का स्वागत किया और कार्यक्रम में उपस्थित की समाधि दी।

सखी मंच ने विद्यार्थियों को बांटे स्वेटर और शालेय सामग्री

पांढुर्णा। आज सखी महिला मंच पांढुर्णा द्वारा प्राथमिक शाला मांगुरली के 57 और प्राना लहरा के 8 विद्यार्थियों बच्च को निशुल्क स्वेटर भेंट दिए। इन सभी बच्चों को सखी महिला मंच ने और प्राथमिक शाला स्वेटर के अलावा स्कूल बैग, पानी की बोतल, कापियां प्रदान की। मांगुरली एवं लेहरा शाला के के शिक्षकों ने सखी महिला मंच पांढुर्णा का सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया।

जनसुनवाई : कलेक्टर ने सुनी 15 आवेदकों की समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

राज्य शासन के जनसुनवाई कार्यक्रम के अंतर्गत प्रति सप्ताह मंगलवार को आम नागरिकों की समस्याओं की सुनवाई की जाती है और संबंधित विभाग के अधिकारियों से इन समस्याओं का त्वरित निराकरण कराया जाता है । कलेक्टर श्री नीरज कुमार वशिष्ठ ने आज कलेक्टर कार्यालय पांढुर्णा के सभाकक्ष में आयोजित जनसुनवाई में 15 आवेदकों की समस्यायें सुनी । इस दौरान जिले के शहरी और ग्रामीण, दूरस्थ अंचलों से आये आवेदकों ने उपस्थित होकर अपनी समस्याओं के निराकरण के लिये आवेदन प्रस्तुत किये । जनसुनवाई में मुख्य रूप से ज़मीन का सीमांकन करने, प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने, भू-अधिकार पट्टा दिलाने, जन्म व मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने, जाति प्रमाण पत्र बनाने, मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना का लाभ दिलाने, खसरा-नक्शा दुरूस्त कराने आदि से संबंधित आवेदन प्राप्त हुये। कलेक्टर श्री वशिष्ठ ने विभिन्न आवेदनों में तत्काल प्रकरण नोट कराते हुए तत्परता के साथ निराकरण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। जनसुनवाई कार्यक्रम में आज धुरपदाबाई द्वारा आवेदन पत्र वास्ते लगभग 45-50 वर्षों से चले आ रहे कब्जे के आधार पर पट्टा दिये जाने के सम्बन्ध में, सुरेश कावले द्वारा बिल का भुगतान किये जाने के पश्चात विद्युत विभाग द्वारा स्टार्टर एवं करीबन 250 फिट वायर वापस नही किये जाने संबंध में आवेदन आया।

बेक हो लोडर खरीदेगी परासिया नपा पीआईसी की बैठक में 14 प्रस्ताव को मिली मंजूरी

परासिया : सोमवार 8 दिसंबर को परासिया नगर पालिका में दोपहर 3 बजे प्रेसिडेंट इन कौंसिल (पी आई सी) की बैठक हुई । जिसमें 14 प्रस्तावों को मंजूरी मिली है । इसमें एक प्रस्ताव बेक हो लोडर मशीन खरीदने का भी है ।नपा अध्यक्ष विनोद मालवीय की अध्यक्षता में हुई बैठक में सभी सभापति मौजूद रहे , और बारी - बारी विभिन्न प्रस्तावों पर चर्चा हुई । कुल 14 प्रस्ताव स्वीकार किए गए । इनमें बेक हो लोडर मशीन खरीदने के अलावा वार्ड 17 से 21 की सफाई व्यवस्था ठेके पर देने , आंगनबाड़ी , नाला निर्माण की समयावधि बढ़ाने , एम आर एफ सेंटर के लिए श्रेडर और वाइब्रेडिंग मशीन खरीदने , ट्रैक्टर , ट्रॉली और टिप्पर की मरम्मत व रंग रोंगन कराने , कर्मचारी सजरून निशा सौदागर को 6 दिन का अर्जित अवकाश देने , अन्य मदों से प्राप्त ब्याज की राशि से वर्ष 2025 का वेतन देने हेतु अनुमोदन , पूर्व निर्मित शॉपिंग काम्प्लेक्स के बेसमेंट में कांक्रीट कराने , जामई और पिपरिया मार्ग पर स्वागत द्वार लगाने , समर्थ दिव्यांगजन पुनर्वास स्थानीय निधि योजना को परासिया सीमा क्षेत्र में लागू करने , नव निर्मित शॉपिंग काम्प्लेक्स के समीप शौचालय बनाने और कायाकल्प 1.0 के तहत वार्ड 17 में सी सी रोड को अलग करने के प्रस्ताव मंजूर किए गए ।

आज से भाजपा करेगी क्रमिक भूख हड़ताल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया

नगर पंचायत न्यूटन में व्याप्त व्यवस्थाओं और समस्याओं के विरोध में नगर भाजपा आज बुधवार से क्रमिक भूख हड़ताल करेगी । इस बावद भाजपा शहरी मण्डल उपाध्यक्ष दीप अक्षय भनारिया के नेतृत्व में एस डी एम को ज्ञापन दिया गया ।भाजपा के स्थानीय नेताओं का कहना है , कि नगर में व्याप्त विभिन्न समस्याओं , खासकर पानी की समस्या को लेकर 2 दिसंबर को नगर पंचायत न्यूटन के प्रभारी सी एम ओ को ज्ञापन दिया गया था और 3 दिनों के अंदर पानी की समस्या को हल करने की मांग रखी गई थी , लेकिन आज दिनांक तक समस्या हल नहीं हुई , बल्कि पानी सप्लाई का अंतराल और बढ़ा दिया गया । पहले जहां 3 दिनों के अंतराल में पानी मिलता था , अब 8 दिनों के अंतराल में पानी देने की बात कही जा रही है । इसके अलावा नगर में सफाई , घटिया निर्माण आदि की समस्या भी हैं । नगर परिषद को बार - बार इनके समाधान के लिए कहा गया , लेकिन कोई सुनने को तैयार नहीं है । जिसके चलते भाजपा संगठन के लोग क्रमिक भूख हड़ताल करेंगे और यह हड़ताल तब तक जारी रहेगी , जब तक लोगों को शुद्ध पानी कम से कम दिनों के अंतराल में नहीं मिलता और नगर की अन्य अव्यवस्थाएं दुरुस्त नहीं हो जाती ।

परासिया पुलिस ने की वाहनों पर चालानी कार्रवाई

परासिया :- परासिया पुलिस के द्वारा गांगीवाड़ा टोल नाके पर दो पहिया और चौपहिया वाहनों पर चालानी कार्रवाई की । पुलिस द्वारा वाहनों को रोक कर हेलमेट , बेल्ट , लाइसेंस , नंबर प्लेट आदि की जांच की । ट्रैफिक नियमों का पालन नहीं करते पाए जाने के चलते 12 वाहनों के चालान काटे गए । इनमें चौपहिया वाहन भी शामिल है । यह कार्रवाई एस आई एन के उपाध्याय के नेतृत्व में आरक्षक संजय बघेल , अनुरोध और सैनिक नरेंद्र के द्वारा की गई ।बता दें कि परासिया पुलिस के द्वारा प्रतिदिन टोल नाके के पास वाहन चेकिंग की जा रही है । बावजूद इसके वाहन चालक बगैर हेलमेट , शीट बेल्ट लगाए बगैर वाहन चलाते नजर आते हैं ।

कपास, तुअर और सोयाबीन की फसलों का हो रहा नुकसान

रासायनिक प्रदूषण से फसलें बर्बाद, किसानों ने किया उग्र प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौंसर

रामपेठ क्षेत्र में संचालित इथेनॉल कंपनी द्वारा लगातार फैलाये जा रहे रासायनिक प्रदुषण के खिलाफ मंगलवार को किसानों का गुस्सा फूट पडा है।क्षेत्र में पिछलें दिनो से कंपनी की चिमनियां से निकल रही जहरीली डस्ट, धए के कण और रासायनिक अवषेष आसपास की खेती पर काली परत के रूप में जम रही है। जिससे कपास, तुअर और सोयाबीन की फसलों का नुकसान हो रहा है। किसानों ने बताया कि, खेतों में सुबह-सुबह काले कणों की मोटी परत दिखाई देती है।पत्तिया जलने लगी है और फसलों की बढत रूक गई है। कई किसानों का कहना था कि, सफेद सोना कहलानेवाला कपास अब काला पड रहा है। जिससे हमे आर्थिक नुकसान हो रहा है। बडी संख्या में किसानों कंपनी गेट समक्ष नारेबाजी करते हुये विरोध प्रदर्षन किया। किसानों का कहना था कि, फसलों को बर्बाद कर देनेवाला यह प्रदुषण अब बर्दाष्त नही करेगे। प्रषासन और प्रदुषण नियंत्रण बोर्ड तुरंत कार्यवाही करने अन्यथा हमारे द्वारा आंदोलन और उग्र किया जायेगा। किसानों ने कंपनी प्रबंधन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुये कहा कि, बार-बार षिकायत करने के बावजूद न तो प्रदुषण कम हुआ और नही किसानों की सुनवाई। कई किसानों ने कहा कि, खेतों की मिटटी तक सख्त हो रही है और पानी के स्त्रोतों पर भी असर दिखने लगा है।

किसानों ने रखी कंपनी प्रबंधन के सामने अपनी मांगे

आंदोलन कर रहे किसानों का कहना था कि, प्रदुषण नियंत्रण यंत्रों की तत्काल जांच हो, प्रदुषण फैलानेवाली युनिटो को अस्थायी रूप से बंद किया जाये, नुकसान का सेर्व कर किसानों को मुआवजा दिया जाये। कंपनी प्रबंधन की लापरवाही को लेकर किसान आक्रोषित दिखाई दिया। उल्लेखनीय हो कि, कंपनी प्रबंधन द्वारा किसानों की बातों को अनदेखा किया जा रहा है।

हरिभूमि
जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा
सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

रायपुर संस्करण - 593. गजेन्द्र कुमार वर्मा पिता\पति लहा राम वर्मा पता- दोंदेखुर्द हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, 594. भागवत प्रसाद यादव पिता\पति संतराम साहू पता- मकान न. H-16 पुलिस लाइन, 595. अनस सिद्धिकी पिता\पति सरफ राज सिद्धिकी पता- मयूर क्लब पंडरी रायपुर, 596. बिसाहू राम साहू पिता\पति स्व. फगुवा राम साहू पता- गुलाब नगर देवपुरी रायपुर, 597. प्रत्युष बंजारे पिता\पति पिलु राम बंजारे पता- देवपुरी रायपुर, 598. वैदेही नाग पिता\पति नितीन नाग पता- अश्वनी नगर रायपुर, 599. खोमन लाल वर्मा पिता\पति गोपाल प्रसाद वर्मा पता- बिरगांव रायपुर, 600. दीपक साहू पिता\पति विशाल साहू पता- मांढर, 601. प्रमिला साहू पिता\पति पुनऊ राम साहू पता- मांढर रायपुर, 602. मन्नू राम साहू पिता\पति स्व.सुखनंदन साहू पता- देवरी आरंग, 603. चंदन साहू पिता\पति राकेश कुमार साहू पता-दुतकैया राजिम, 604. डोमेन्द्र ध्रुव पिता\पति दुर्गेश ध्रुव पता- धमतरी, 605. संतोषी बाई पिता\पति शत्रुहन देवांगन पता- कोकड़ी कुरूद, 606. सीमा पटेल पिता\पति भारत पटेल पता- जी जामगांव धमतरी, 607. देवकी यादव पिता\पति सुखेन राम यादव पता-स्टेशन पारा वार्ड न.- 11 राजनादगांव, 608. निशांत यादव पिता\पति प्रदीप यादव पता-राजनादगांव, 609. मोनिषा साहू पिता\पति वी. एल साहू पता- नाका पारा वार्ड न.-01 डोंगरगढ़, 610. नवाब अली पिता\पति कसम अली पता- बेमेतरा, 611. श्वेता शर्मा पिता\पति चन्द्र मोहन शर्मा पता- कांकेर, 612. युक्ता साहू पिता\पति श्री फत्ते लाल साहू पता-बालोद, 613. मानसी ठाकुर पिता\पति शैलेन्द्र ठाकुर पता- जगदलपुर, 614. अनीता देवांगन पिता\पति हेमंत देवांगन पता- महासमुंद, 615. नीलकमल मिश्रा पिता\पति स्व. श्री भागवत प्रसाद मिश्रा पता- पांडा तराई कवर्धा, 616. नंदनी नायक पिता\पति स्व. सुखी राम नायक पता- सुहेला, 617. प्रधुम्न वैष्णव पिता\पति खेम वैष्णव पता- सरगीपाल कोंडागांव, 618. तेजेश्वरी पिता\पति आर. त्रिमूर्ति पता- 9F गली न.15 वार्ड 40 सेक्टर 02, 619. हेमलाल वर्मा पिता\पति स्व.मंगलू राम वर्मा पता- इंदिरा कॉलोनी माडल टाउन, 620. सुषमा वर्मा पिता\पति प्रेम लाल वर्मा पता- रवेलीडीह वार्ड न.02, 621. प्रदीप कुमार जैन पिता\पति सुधाकर जैन पता- कैम्प-02 भिलाई, 622. श्रीमती द्रोपती वर्मा पिता\पति धनेश परगनिहा पता- सेक्टर 04 भिलाई, 623. ज्योति सोनी पिता\पति जगदीश प्रसाद सोनी पता- विश्व बैंक कॉलोनी से.-1 भिलाई 3, 624. अफशाना परवीन पिता\पति मो. शामिल पता- कैंप-2 नगर भिलाई, 625. नित्यांश पटेल पिता\पति देवेन्द्र कुमार पटेल पता- मोहलई रोड वार्ड न.56 बछेरा दुर्ग, 626. अंजली पटेल पिता\पति संजय कुमार पटेल पता- मोहलई रोड बछेरा दुर्ग, 627. कीर्ति देवांगन पिता\पति स्व.रमेश देवांगन पता- उतई बंजारी पारा, **बिलासपुर संस्करण –** 628. रजनी तंबोली पिता/पति संतोष तंबोली पता- शांति नगर बाल्को, 629. यशवंत सिंह ठाकुर पिता/पति सुधीर सिंह ठाकुर पता- परसाभाठा बाल्को, 630. हर्ष धीवर पिता/पति दाऊराम धीवर पता- शांति नगर बालको, 631. त्रिषा साहू पिता/पति छवि साहू पता बेलगिरी बालको, 632. नारायण पाल पिता/पति नरेन्द्र पाल पता- नेहरू नगर बालको कोरबा, 633. पंकज पटेल पिता/पति गोवर्धन पटेल पता- बेलाकछार, 634. प्रीति थवाईत पिता/पति अनिल कुमार थवाईत पता- शांति नगर बाल्को, 635. वृंदा साहू पिता/पति चंद्रशेखर साहू पता- परसाभाठा बालको, 636. श्याम बाई नेताम पिता/पति जयसिंह नेताम पता- कोरबा, 637. योगेश साहू पिता/पति गोता साहू पता- बेलाकछार बाल्को, 638. पूर्वी साव, पिता/पति सुरेन्द्र साव पता- परसाभाठा बाल्को, 639. राजेश कुमार बिन्द पिता/पति आर.के. बिन्द पता- शांति नगर बाल्को, 640. रामकुमार कश्यप पिता/पति स्व.पदुमलाल कश्यप पता- गायत्री नगर रजगामार, 641. अहिल्या पांडे पिता/पति लोकनाथ पांडेय पता- कैलाश नगर बाल्को, 642. धनंजय यादव पिता/पति चक्रधर यादव पता- परसाभाठा बाल्को, 643. रतनदास मानिकपुरी पिता/पति चरणदास मानिकपुरी पता- बेलाकछार बाल्को, 644. मंजू साहू पिता/पति नरेन्द्र साहू पता- कांजी हाऊस बाल्को, 645. कमलेश्वरी पिता/पति अनिल खैरवार पता- बस्तीपारा जांजगीर बाल्को, 646. दुर्गेश मरावी पिता/पति राजकुमार मरावी पता- हरदी बाजार, 647. संजय कुमार निर्णेजक पिता/पति भागीरथी निर्णेजक पता- मस्तूरी बाल्कोनगर, 648. तारेश्वरी पिता/पति उल्लू साय साहू पता- नेहरू नगर बाल्को, 649. संदीप केरकेट्टा पिता/पति नीकोलस केरकेट्टा पता- नेहरू नगर बाल्को, 650. अनिता भट्ट पिता/पति संतोष भट्ट पता- कुमगर बाल्को, **भोपाल संस्करण–** 651. अंतिम गहलोद पिता\पति बालमुकुंद गहलोद पता- एच.एस. टाइपकोटरा सुल्तानाबाद, 652. बबलू वर्मा पिता\पति एच.एन पता- 220 बागसेवनिया, 653. वेदेही पिता\पति विश्वजीत गिरी पता- एच.न.528 शिव मंदिर के पास सेमरा गेटभोपाल, 654. शिव यादव पिता\पति हेमराज पता- यादव नया बसेरागंदी बस्तीकोटरा सुल्तानाबाद, 655. अवनि शर्मा पिता\पति सुनील शर्मा पता- गोदावरी कॉलोनी, 656. कमल सिंह रघुवंशी पिता\पति हल्के सिंह रघुवंशी पता- गोदावरी ग्रीन्स विदिशा, 657. आदविक विश्वकर्मा पिता\पति महेन्द्र विश्वकर्मा पता- विदिशा, 658. सरफराज पिता\पति निसार अहमद पता- मकान न. 980 भानपुर विदिशा, **जबलपुर संस्करण–** 659. ओम प्रकाश गौतम पिता\पति सतीश प्रसाद गौतम कोतमा अनूपपुर, 660. मायरा ताम्रकार पिता\पति अमित कुमार ताम्रकार वार्ड नंबर 4 कोतमा अनूपपुर , 661. निशिका गगरेवाल पिता\पति जितेंद्र कुमार वार्ड क्रमांक 10 विकास नगर कोतमा अनूपपुर, 662. राजकुमार साहू पिता\पति - स्वर्गीय रामूलाल साहू ग्राम करौंदी ग्राम शाहपुर, 663. नरेश कुमार साहू पिता\पति शंभू प्रसाद पता- करौंदी ग्राम शाहपुरा डिंडोरी, 664. बृजेश सिंह यादव पिता\पति गजेंद्र सिंह यादव पता- विजय कॉलोनी गाडरवारा, 665. दिव्यांश पुरी गोस्वामी पिता\पति बृजेश पुरी गोस्वामी पता- नयागांव रानी लक्ष्मी बाई वार्ड गाडरवारा, 666. शिवम सोनी पिता\पति राजेश सोनी गाडरवारा।

नियम एवं शर्ते लागू* शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि

वरिष्ठता सूची में नीचे, फिर भी सबसे ज्यादा दायित्व, शैक्षणिक व्यवस्था बिगड़ने का आरोप

शिक्षा व्यवस्था पर बीएलओ का बोझ, शिक्षकों ने मुख्यमंत्री को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पांढुर्णा

राज्य शिक्षक संघ मध्यप्रदेश के नेतृत्व में राज्य शिक्षा सेवा में नियुक्त शिक्षक संवर्ग ने अपनी विभिन्न समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर आज मुख्यमंत्री महोदय के नाम का ज्ञापन कलेक्टर पांढुर्ना को सौंपा। शिक्षकों ने ज्ञापन में स्पष्ट किया है कि बीएलओ (बूथ लेवल ऑफिसर) के रूप में नियुक्ति के लिए चुनाव आयोग के दिशा-निर्देशों में शिक्षकों का वरीयता क्रम सबसे नीचे रखा गया है, इसके बावजूद इस संवर्ग से सर्वाधिक नियुक्तियाँ की गई हैं। संघ ने चिंता ज़ाहिर करते हुए कहा कि बीएलओ ड्यूटी के कारण शिक्षक शालाओं में उपस्थित नहीं हो पा रहे हैं, जिससे पांढुर्ना जिले की शैक्षणिक व्यवस्था चरमरा गई है और बच्चों की शिक्षा पीछे छूट रही है। संघ ने मांग की है कि विद्यार्थियों की शिक्षा सुचारू रूप से चलती रहे, इसके लिए अधिकांश शिक्षकों को बीएलओ ड्यूटी से हटाया जाए और चुनाव आयोग के निर्देशानुसार अन्य कर्मचारियों की ड्यूटी इस कार्य में लगाई जाए।

लंबित वरिष्ठता और ई-अटेंडेंस पर भी आपत्ति

शिक्षकों ने ज्ञापन में बताया कि 01 जुलाई 2018 से नियुक्त अध्यापक संवर्ग के शिक्षकों की वरिष्ठता तिथि को लेकर आज तक असमंजस की स्थिति बनी हुई है। वरिष्ठता नहीं मिलने के कारण ये शिक्षक सेवाकाल में और सेवानिवृत्ति के पश्चात कई लाभों से वंचित हो रहे हैं। संघ ने अध्यापक संवर्ग को उनकी प्रथम नियुक्ति दिनांक से सेवा अवधि की गणना कर वरिष्ठता का लाभ देने की मांग की है। शिक्षकों ने नियमित उपस्थिति के लिए लागू की गई 'अव्यावहारिक ई-अटेंडेंस व्यवस्था' को तुरंत बंद करने की मांग भी की है। शिक्षक संघ ने मुख्यमंत्री से इन समस्याओं पर तत्काल ध्यान देने और उनके निराकरण की अपेक्षा की है।

मोहगांव पंचायत में हुआ संत जगनाडे जयंती का आयोजन

सौंसर। नगर परिषद मोहगांव मेंसंत जगनाड़े महाराज जयंती का आयोजन किया गया, कार्यक्रम का शुभारंभ संत जगनाडे महाराज के प्रतिमा पूजन अभिवादन के साथ हुआ, इस दौरान नगर पंचायत मोहगांव अध्यक्ष संदीप घाटोड़े, एवं पार्षद गणों के साथ नगरवासियों ने संत जगनाडे महाराज के प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। जयंती कार्यक्रम के दौराननगर अध्यक्ष संदीप घाटोड़े ने संत जगनाडे महाराज के जीवन चरित्र, उनके द्वारा समाज के लिए किए गए योगदान के बारे में भी बताया गया,साथ ही साथ सभापति शिक्षा विभाग सीमा मनोज कलंबे ने जगनाडे महाराज के सादगी भरे जीवन और उनके जीवन कल्याण मार्ग पर चलने के साथ ही महाराज के द्वारा बताए गए अनमोल विचारों को सभी ने अपने जीवन में आत्मसात कर जीवन को कल्याण की ओर अग्रसर करने की बात कही। इस अवसर पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी राजाराम वरठी, विष्णु कामडे पार्षद मुरलीधर बावनकर आदि उपस्थित थे।

नगर में सीसीटीवी लगाने पार्षद ने सीएमओ को सौंपा मांग पत्र

जुन्नारदेव: नगर के संवेदनशील और भीड़-भाड़ वाले क्षेत्रों में सीसीटीवी कैमरे स्थापित करने की दिशा में नगर पालिका अब तेजी से कदम बढ़ाने जा रही है। नगर पालिका परिषद द्वारा 23.01.2023 को पारित प्रस्ताव के अनुपालन हेतु वार्ड क्रमांक 08 के पार्षद प्रमोद बंदेवार ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी को पत्र सौंपा है। इस दौरान वार्ड क्रमांक 12 के पार्षद राजेंद्र सूर्यवंशी भी उपस्थित थे।इस दौरान पार्षद प्रमोद बंदेवार ने कहा कि नगर की सुरक्षा और नागरिकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए जल्द ही महत्वपूर्ण स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे।वहीं असामाजिक तत्वों पर भी प्रभावी नियंत्रण रखा जा सकेगा। पार्षद प्रमोद बंदेवार की इस मांग का संज्ञान लेते हुए नपाध्यक्ष रमेश सालोडे ने इस संबंध

में त्वरित कार्यवाही करने के निर्देश जारी किए गए।मुख्य नगरपालिका अधिकारी नेहा धुर्वे ने भी आश्वस्त किया है कि परिषद द्वारा लिए गए निर्णय के अनुरूप प्रक्रिया को तेजी से आगे बढ़ाया जाएगा।सीसीटीवी कैमरों के लगने से शहर में सुरक्षा का एक नया मानक स्थापित होगा, जिससे पुलिस और प्रशासन को निगरानी में भी काफी मदद मिलेगी।

समाज में समानता लाने संत जगनाडे ने जीवनभर किया कार्य

पिपलानारायणवार। तेली समाज के आराध्य संत षिरोमणि जगनाडे महाराज की 401 वी जयंती श्रद्धा, उत्साह भक्ति से मनाई गई। संत जगनाडे महाराज वार्ड क्रमांक 5 में आयोजित कार्यक्रम मुख्य रूप सें एड. ज्ञानेष्वर कामडे, समाज संगठन अध्यक्ष राहुल मदनकर, उपाध्यक्ष युवराज कामडे, सचिव विजय मदनकर, पार्षद रामराव मदनकर, दिगम्बर मदनकर, ज्ञानेष्वर ब्रम्हे, विनोद नाचनकर, बबलु मदनकर, किषोर मदनकर, सुरेष वंजारी आदि उपस्थित थे। संत महाराज के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर पुण्यस्मरण किया गया। वरिष्ठ नागरिक एड कामडे ने कहा कि, संत जगनाडे महाराज ने जीवन भर समाज में समानता, मेल मिलाप और परिश्रम के मूल्य स्थापित किये। उन्होने किसान, श्रमिक और वंचित वर्ग को आत्मबल और स्वाभिमान का संदेष दिया। जो आज भी प्रेरणास्त्रेत है। वही राहुल मदनकर ने युवाओं से अपील की कि, वे महाराज के कार्यो से प्रेरणा लेकर समाजहित के कार्यो में अग्रेसर हो और भाईचारें की परंपरा को आगे बढाये। अवसर पर बलिराम ढोबले, षांतराम सरोदे, किसना फरकसे, निलेष क्षिरसागर, किषोर मदनकर आदि थे।

मोहोड़ के हस्ते हुआ पट प्रतियोगिता के पुरस्कारों का वितरण

सौंसर। नवयुवक शेतकरी संगठन ऐलकापार द्वारा आयोजित भव्य शंकर पट प्रतियोगिता के पुरस्कारों का वितरण जिला भाजपा अध्यक्ष संदीप मोहड की प्रमुख उपस्थिति में किया गया। आयोजन कमेटी से मिली जानकारी के अनुसार शंकर पट प्रतियोगिता में मध्यप्रदेश के सौसर पांढुर्णा के अलावा महाराष्ट्र के शहरों से भी बड़े पैमाने पर खिलाड़ी किसानों ने भाग लेकर खेल परिचय देते हुए उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। आयोजन में उत्कृष्ट खेल प्रतियोगिता के लिए प्रथम पुरस्कार मनीष मोहोडमाळेगाव,द्वितीय पुरस्कार प्रियांश अश्विन पांडे (ऐलकापार) एवं तृतीय पुरस्कार राजा यादव (बैतूल) को दिया गया है। पुरस्कार वितरण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप मेंमध्यप्रदेश शासन के पर्यटन विभाग के पूर्व उपाध्यक्ष संतोष जैन,भाजपा नागपुर ग्रामीण जिलाध्यक्ष मनोहर कुंभारे,रामराव मोवाडे जनपद पंचायत सौसर अध्यक्ष संजय भुते,मोहगांव नगर परिषद अध्यक्ष संदीप घाटोडे,आदि थे। पुरस्कार वितरण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला भाजपा अध्यक्ष संदीप मोहड़ ने कहा की सभी विजेता खिलाड़ियों को बधाई शुभकामनाएं प्रेषित करता हूं, साथ ही जिन लोगों को असफलता प्राप्त हुई है उन्हें भी बेहतर मेहनत के लिए बधाई देते हुए निवेदन करता हूं कि उन्होंने अगली बार की जीत के लिए अभी से तैयारी शुरू कर देनी चाहिए, ग्रामीण क्षेत्रों में भी इतनी बड़ी पद प्रतियोगिता के आयोजन के लिए आयोजन कमेटी को बधाई देते हुए भविष्य में भी इसी प्रकार के लगातार आयोजन करने की अपेक्षा करता हूं।

मिसाल प्रोजेक्ट के अंतर्गत कॉलेज में प्रतियोगिताएं हुई संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुन्नारदेव

शासकीय महाविद्यालय जुन्नारदेव में मध्य प्रदेश शासन के उच्च शिक्षा विभाग एवं ओएसिस संस्था के मिसाल प्रोजेक्ट के संयुक्त तत्वाधान में प्राचार्य डॉ ए के टांडेकर के आदेशानुसार प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में तीन चरण निबंध लेखन, समूह संवाद एवं फील्ड प्रोजेक्ट प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने उत्साह पूर्वक भाग लिया।

प्रत्येक प्रतियोगिता में तीन निर्णायकों की निष्पक्ष निर्णायक टीम रही जिसमें डॉ सागर भनोत्रा, डॉ कविता मुकाति एवं प्रो मो आबिद निर्णायक की भूमिका में रहे। पहली प्रतियोगिता निबंध लेखन आयोजित की गई जिसमें विद्यार्थियों ने सामाजिक एवं नेतृत्व के विषयों पर प्रभावी अभिव्यक्ति प्रस्तुत की निर्णायकों द्वारा भाषा मौलिकता तथा विचारों की तार्किकता के आधार पर मूल्यांकन किया जिसमें 17 प्रतियोगियों ने भाग लेकर 14 विद्यार्थियों ने इस चरण को पास किया और समूह संवाद में भाग लिया। समूह संवाद में युवाओं से जुड़े समसायिक सामूहिक मुद्दों पर प्रतिभागियों ने तर्कपूर्ण चर्चा की चर्चा के संचालन नेतृत्व क्षमता एवं संवाद अभिव्यक्ति का मूल्यांकन निर्णायकों द्वारा किया गया। निर्णायको ने अलग-अलग दिशा में अपनी उपस्थिति देकर स्वतंत्र एवं निष्पक्ष मूल्यांकन किया।

तृतीय चरण में विद्यार्थियों ने सुबह 9:00 बजे से 2:00 बजे तक अलग-अलग वार्ड और अलग-अलग गांव में फील्ड प्रोजेक्ट किया उसके बाद 3:00 बजे साक्षात्कार के लिए उपस्थित होकर प्रत्येक जज से व्यक्तिगत अपनी उपस्थिति देकर साक्षात्कार दिया। प्रतियोगिता का सफल संचालन कार्यक्रम अधिकारी डॉ रश्मि नागवंशी द्वारा किया गया।

शासकीय स्कूल में सांसद खेल महोत्सव का हुआ शुभारंभ

सौंसर। मंगलवार को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तुर्कीखापा में सांसद खेल महोत्सव का आयोजन किया गया।खेल महोत्सव के शुभारंभ अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप पूर्व राज्य मंत्री नाना मोहड़, भारतीय जनता पार्टी जिलाध्यक्ष संदीप मोहोड़,इंद्रचांद डागा,जिला उपाध्यक्ष सदन साहू,मोहखेड़ मंडल अध्यक्ष गगन घटकड़े, गणेश प्रसाद डोंगरे, राजेंद्र पाठे,पूर्व जनपद सुखदेव साहू आदि थे। कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रीय गीत एवं सरस्वती पूजन के साथ किया गया, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तुर्कीखापा में आयोजित सांसद खेल महोत्सवके दौरान जिला भाजपा अध्यक्ष संदीप मोहड ने बच्चों एवं खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते हुए कहा कि इस खेल महोत्सव में विभिन्न प्रतियोगिताएं होने वाली है और सभी बच्चों ने इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने के लिए की जान से मेहनत करनी चाहिए, खेल प्रतियोगिता से पुरस्कार ही नहीं मिलते बल्कि शारीरिक व्यायाम भी होता है। विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं के माध्यम से जिले और क्षेत्र के कई बच्चों ने अपना नाम प्रदेश एवं राष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया है। सभी बच्चों ने इस प्रतियोगिता में खेल भावना का परिचय देते हुए प्रतियोगिता में भाग लेना चाहिए।

आईवीओ भारत टीम ने सशस्त्र सेना झंडा दिवस से मनाया

सौंसर। नगर में सशस्त्र सेना झंडा दिवस सम्मानपूर्वक मनाया गया,इस अवसर पर आई वी ओ टीम के साथवरिष्ठ नागरिक को अधिकारियों व्यापारियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लेकर झंडा दिवस निधि में दान की है।सशस्त्र सेना झंडा दिवस पर पूर्व सैनिक प्रदीप कलसकर (वी.ए.ए.), राजेश्वर परतेंती ने एस.डी. एम. सिद्धार्थ पटेल एडिशनल एस. पी. नीरज सोनी, एस.डी.ओ.पी. प्रियंका पांडे, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत सौसर प्रफुल्ल लवाहे ,टी आई,सौसर रूपलाल उईके, तहसीलदार भावना मलगाम आदि अधिकारियों को सशस्त्र सेना झंडा दिवस का ब्याच लगाकर शुभकामनाएं दी।पूर्व सैनिक कलसकर ने कहा गया है कि युद्ध में दिव्यांग सैनिकों, वीर नारियों एवं शहीद सैनिकों के परिवारों के कल्याण कारी योजनाओं एवं अन्य कार्यों में एकत्रित की गई यह राशि उपयोग किया जाता है। दान की राशि पर आयकर अधिनियम के तहत 100% छूट मिलती है, जिस किसी व्यक्ति ने एक लाख से ऊपर सशस्त्र सेना दिवस पर दान दिया उसको राज्यपाल द्वारा सम्मानित किया जाता है।

श्री शक्तिपुत्र जी महाराज के जन्मोत्सव पर पांच घंटे अखंड श्री दुर्गा चालीसा पाठ का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज किरनापुर।

धर्म सम्राट युग चेतना पुरुष परमहंस योगीराज श्री शक्तिपुत्र जी महाराज के 9 दिसंबर 2025 को जन्मोत्सव के उपलक्ष में बालाघाट जिले के सभी तहसीलों में पांच - पांच घंटे का अखंड श्री दुर्गा चालीसा पाठ बालाघाट जिले के 26 टीम प्रमुखों के द्वारा संपन्न कराए गए कार्यक्रम में जिला पदाधिकारी तहसील पदाधिकारी एवं संगठन के सभी गुरु भाई बहन नए मां के भक्त की उपस्थिति रही। भगवती मानव कल्याण संगठन की विचारधारा नशे मांस से मुक्त, चरित्रवान ,चेतना वान, समाज का निर्माण करना एवं जातिवाद, छुआछूत, भ्रष्टाचार को जड़ से नष्ट करना है। इसी संकल्प को लेकर भगवती मानव कल्याण संगठन शाखा किरनापुर में भी बेसिक स्कूल के पीछे गुजरी चौक में टीम प्रमुख दुलीचंद कोरे के साथ किरनापुर तहसील अध्यक्ष धनराज भूते , उपाध्यक्ष किशोर बानेवार, कोषाध्यक्ष नरेश सोलंकी, मेघराज शुक्ला जी,भारतीय शक्ति चेतना पार्टी युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष आकाश भारद्वाज, भारतीय शक्ति चेतना पार्टी के जिला प्रवक्ता कैलाश सोनी, शिवकुमार भूते, विट्ठल धुवारे नितू मरठे एवं सभी गुरु भाई गुरु बहने की उपस्थिति रही।

कोड़मी में मुख्य सड़क मार्ग के खेत की घटना

किसान के खेत से धान उठाकर ले गए चोर

हरिभूमि न्यूज कटंगी। धान उपार्जन केंद्रों में समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी शुरू है। इस बीच थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम कोड़मी में अज्ञात चोरों ने किसान के खेत से करीब 29 क्विंटल धान की चोरी की है। चोरी की यह वारदात कटंगी से सिवनी मुख्य सड़क मार्ग से महज 100 मीटर की दूरी पर स्थित खेत की है। यहां एक खेत में रखी धान की बोरियां अज्ञात चोरों ने चुरा ली। चोरों ने बकायदा किसी वाहन के जरिए धान की बोरियों को खेत में ढोया है। जिसके चलते खेत में वाहन के पहियों के निशान साफ-तौर पर देखे गए है। मिली जानकारी अनुसार कृषक रमेश कोचर के खेत से करीब 29 क्विंटल धान की चोरी हुई है। बटाईदार ओम प्रकाश मर्सकोले ने बताया कि सोमवार की रात्रि करीब 12 बजे तक उन्होंने खेत में कृषि कार्य किया। धान की गहानी कर 100 बोरियां धान जमा कर रखी जिसकी सिलाई नहीं की गई थी। जिसके बाद वह घर लौट गए। मंगलवार की सुबह जब खेत पहुंचे तो 58 बोरी धान गायब था। जिसकी सूचना उन्होंने खेत मालिक को दी। खेत मालिक ने मंगलवार की सुबह 11 बजे थाना पहुंचकर अज्ञात चोरों के खिलाफ धान चोरी की रपट दर्ज करवाई है। पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 303 (2), 3 (5) की कार्रवाई कर जांच शुरू कर दी है।

गौरतलब हो कि इसके पहले ग्राम खजरी मुख्य सड़क मार्ग पर 29 नवंबर को सीताराम हरिनखेड़े नाम के किसान के घर के सामने से भी अज्ञात चोरों ने 41 बोरी धान की चोरी की थी। किसान ने 28 नवंबर की शाम ही अपने खेत से गहानी कर धान को बोरियां में भरकर घर लाया था और रात्रि में ही अज्ञात चोरों ने धान की चोरी कर ली। इससे पहले लिंगापौनार में अज्ञात चोरों ने धान की चोरी की। इन तीनों चोरी में सामान्य तौर पर पिक-अप वाहन का उपयोग किया गया है।

आज मिरगपुर में निशुल्क नेत्र शिविर

खैरलांजी। शासकीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मिरगपुर में आज 10 दिसंबर बुधवार को एक दिवसीय निशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन होने जा रहा है। यह जानकारी नेत्र चिकित्सक डा.टी.एस. बिसेन के द्वारा दी गई । उन्होंनो बताया की निशुल्क नेत्र शिविर में आंखो के मरीजो की जांच कर लाभान्वित किया जाएगा।

क्वालिटी चैक के नाम पर सर्वेयरों पर लगा राशि मांगने का आरोप

सेवा सहकारी समिति पालडोंगरी में किसानों से खुली लूट

हरिभूमि न्यूज लांजी। क्षेत्र में 1 दिसंबर 2025 से समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी प्रारंभ की जा चुकी है, और धान खरीदी करने वाली समितियों द्वारा लगातार खरीदी की जा रही है। वहीं इस बार खरीदी केंद्र पालडोंगरी कैप में 5 समितियों द्वारा धान खरीदी की जा रही है जिनमें सेवा सहकारी समिति पालडोंगरी, सेवा सहकारी समिति साडरा, सेवा सहकारी समिति दहेगांव, सेवा सहकारी समिति कुम्हारीकला, सेवा सहकारी समिति कुम्हारी खुर्द द्वारा खरीदी की जा रही है। परंतु सेवा सहकारी समिति पालडोंगरी में धान बेचने आए किसानों से जमकर उगाही की जा रही है। वहीं किसानों को यहां लगातार अव्यवस्थाओ का सामना करना पड़ रहा है। स्लॉट बुकिंग करने के बाद किसानों का अनाज पिछले 6 दिनों से अधिक समय से केंद्र में रखा हुआ है परंतु प्रभारी द्वारा अभी तक धान की खरीदी नहीं किये जाने से किसान मायूस हैं। वहीं दूसरी ओर कैप में सर्वेयर द्वारा क्वालिटी चैक के नाम पर भी किसानों से रूपये लेने के आरोप लग रहे है। पालडोंगरी समिति में दो सर्वेयर के नाम भी किसानों ने बताए जिनके द्वारा लॉट के हिसाब से किसानों से क्वालिटी चैक के नाम पर राशि की मांग की जा रही है उसमें रविंद्र नगपुरे सर्वेयर पालडोंगरी कैप एवं अरविंद कुमार वर्मा सर्वेयर कुम्हारी खुर्द का नाम शामिल है। एक किसान ने अपना नाम प्रकाशित न करने की शर्त पर बताया की उसके द्वारा लगभग 58 क्विंटल धान केंद्र में लाकर बेचा गया है जिसके एवज में उसे लगभग 17 हजार रूपये का खर्च वहन करना पड़ा जिसमें कम्प्यूटर ऑपरेटर, बारदाना निरीक्षण करने वाला, सर्वेयर एवं प्रबंधक भी शामिल है।

स्वयं लेबर लगाकर भरवा रहे धान: पालडोंगरी से अपनी उपज बेचने आए किसान संतोष कुमार उमरे ने बताया की कैप में लेबर की समस्या के कारण उन्हें अपनी धान को केंद्र से मिले बारदानों में भरने के लिये स्वयं के मजदूर लगाने पड़ रहे है जो प्रति बोरी 10 रूपये के हिसाब से राशि ले रहे है। समिति के पास मजदूर नहीं होने की वजह से किसानों के लिये लगातार समस्या उत्पन्न हो रही है परंतु जल्दी कार्य समाप्त करने के लालच में किसानों को मजबूरन अपने व्यय से मजदूरों की व्यवस्था करनी पड़ रही है। जबकि समिति द्वारा इसी कार्य का बिल लगाकर बकायदा शासन प्रशासन से राशि प्राप्त की जाएगी। वहीं जब इस संबंध में बोरियों में धान भर रहे मजदूरों से सवाल किया गया तो उनका कहना था की हमे यहां किसी ने नहीं बुलाया है हम अपनी मर्जी से यह कार्य कर रहे है। केंद्र में मजदूर नहीं होने की वजह से हमे रोजगार प्राप्त हो रहा है हमारे द्वारा रोजाना लगभग 1000 से 1100 बोरियों में धान भर दिया जाता है।

एक सप्ताह से नहीं मिल पाया बारदाना: ग्राम रमपुरा के किसान राजेंद्र धारने ने बताया की एक सप्ताह से उनके द्वारा लगभग 50 क्विंटल धान केंद्र मे स्लॉट बुकिंग के बाद लाकर रखी गई है परंतु यहां के कर्मचारियों द्वारा बारदाना नहीं होने की बात कहकर हर दिन टाल दिया जाता है जिससे पिछले एक सप्ताह से वह परेशान हो रहे है। किसान के द्वारा अब तक धान नहीं तौले जाने को लेकर पंचनामा बनाकर देने भी कहा गया परंतु समिति के कर्मचारियों द्वारा अब तक इस ओर भी कोई ध्यान नहीं दिया गया। किसान श्री धारने ने बताया की वे पिछले 7 दिनों से घर से केंद्र के चक्कर लगा रहे है परंतु उनकी समस्या पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

बोरी में धान भरकर खुद करना होगा कांटा: ग्राम बोरी से धान बेचने आए किसान दिनेश खेरे ने बताया की पालडोंगरी समिति द्वारा अब तक हमे धान बोरियों में भरने के लिये कर्मचारी उपलब्ध नहीं कराये गये हैं। वहीं मजदूर लगाने पर हमे प्रति बोरी लगभग 8 से 10 रूपये के हिसाब से भुगतान करना होगा ऐसे में इतना नुकसान हम कैसे झेल पाएंगे इस कारण हम पिता पुत्र मिलकर स्वयं बोरियों में धान भरकर उसे कांटा भी खुद करेंगे। इस समस्या से निजात पाने के लिये जब समिति के कर्मचारियों से कहा गया तो उनके द्वारा कहा गया की यहां इसी तरह कार्य होता है, हम कुछ नहीं कर सकते।

अधिक धान भी तौले जाने की मिली शिकायत: सेवा सहकारी समिति पालडोंगरी में व्याप्त अनियमितताओं के बीच यह भी देखा गया की समिति द्वारा किसानों से खुली लूट की जा रही है यहां किसानों से नियमानुसार 40 किलो 600 ग्राम प्रति बोरी के हिसाब से तौल की जानी चाहिए परंतु यहां प्रत्येक बोरी में लगभग आधा किलो से ज्यादा धान किसानों से तौली जा रही है। यह सब देखकर भी किसान अपनी पीड़ा किसी से कह नहीं पा रहा है। जब इस संबंध में समिति के कर्मचारियों से सवाल किया गया तो उनके द्वारा मौसम के कारण नमी की वजह से किसानों से ज्यादा धान तौले जाने की बात कही गई जो नियम विरूद्ध है।

इनका कहना है

सेवा सहकारी समिति पालडोंगरी में किसानों से पूरी तरह से सरकारी कर्मचारियों द्वारा छल कपट किया जा रहा है। यहां हर कार्य में अव्यवस्थाएं है, सर्वेयरों द्वारा किसानों से क्वालिटी चैक के नाम पर राशि मांगना भी काफी शर्मनाक है। सेवा सहकारी समिति पालडोंगरी में व्याप्त समस्याओं को एसडीएम एवं कलेक्टर महोदय को तुरंत संज्ञान लेकर कार्यवाही करना चाहिए।

टूमन घोरमारे, सभापति
स्थाई कृषि समिति जप. लांजी

डॉ खुशरंग कोलते का निधन

वारासिवनी। जनपद पंचायत वारासिवनी अंतर्गत ग्राम पंचायत डोंगरमाली निवासी 79 वर्षीय समाजसेवी डॉक्टर खुशरंग कोलते का 8 दिसंबर की रात में अचानक हृदयघात से निधन हो गया। घटना की जानकारी लगते ही पूरे ग्राम में शोक की लहर व्याप्त है। उनका अंतिम संस्कार डोंगरमाली के मोक्षधाम में 9 दिसंबर को किया गया। जानकारी अनुसार डॉक्टर खुशरंग कोलते ग्राम में एक समाजसेवी के रूप में कार्यरत थे। वह गायत्री उच्चतर माध्यमिक विद्यालय डोंगरमाली में अध्यक्ष के रूप में भी अपनी सेवा दे रहे थे। वह स्वभाव से सरल और मृदु भाषी के साथ मिलनसार व्यक्ति थे। 8 दिसंबर को अचानक हृदय घात की शिकायत होने पर उन्हें उपचार के लिए ले नागपूर ले जाया जा रहा था । तभी रास्ते में उनकी मृत्यु हो गई।

रसायन शास्त्र के प्रोफेसर की नियुक्ति नहीं होने से छात्रों में आक्रोश, एसडीएम कार्यालय पहुंचकर सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज लांजी। शासकीय महाविद्यालय लांजी में लंबे समय से रसायन शास्त्र विषय के प्रोफेसर का पद रिक्त रहने से विद्यार्थियों की पढ़ाई गंभीर रूप से प्रभावित हो रही है। लगातार समस्याओं का सामना कर रहे छात्रों ने आज सामूहिक रूप से एसडीएम कार्यालय पहुंचकर अपनी मांगों का ज्ञापन सौंपा।

कक्षाएँ न लगने से छात्रों की पढ़ाई ठप: विद्यार्थियों का कहना है कि रसायन शास्त्र जैसे महत्वपूर्ण विषय में नियमित कक्षाएँ न होने से उनकी शैक्षणिक प्रगति बाधित हो रही है। स्नातक (बी.एससी) और स्नातकोत्तर की तैयारी कर रहे छात्रों को प्रयोगशाला कार्य, प्रायोगिक परीक्षाएँ एवं विषयगत मार्गदर्शन के अभाव में कठिनाइयाँ झेलनी पड़ रही हैं। कई छात्रों ने यह भी बताया कि बिना विषय विशेषज्ञ के वे आगामी परीक्षाओं को लेकर चिंतित हैं।

प्रशासनिक स्तर पर अनदेखी का आरोप: छात्रों ने आरोप लगाया कि वे इस समस्या को कई बार कॉलेज प्रशासन के संज्ञान में ला चुके हैं, लेकिन अब तक नियुक्ति नहीं होने से लगता है कि उनकी समस्या को गंभीरता से नहीं लिया जा रहा। छात्रों का कहना था कि विज्ञान संकाय को मजबूत करने के लिए विषय विशेषज्ञों की समय पर नियुक्ति आवश्यक है, अन्यथा परीक्षा परिणामों पर इसका प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा।

एसडीएम कार्यालय पहुँचकर सौंपा ज्ञापन: आज सुबह बड़ी संख्या में छात्र एसडीएम कार्यालय पहुंचे और रसायन शास्त्र के नियमित प्रोफेसर की शीघ्र नियुक्ति करने की मांग करते हुए ज्ञापन सौंपा। उन्होंने कहा कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं की गई तो वे आंदोलन को तेज करेंगे।

एसडीएम ने छात्रों को आश्वासन दिया कि उनकी मांगों को संबंधित विभाग तक पहुँचाया जाएगा तथा समाधान के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे।

छात्रों ने साफ तौर पर कहा कि शिक्षा को लेकर समझौता नहीं किया जाएगा। यदि आने वाले दिनों में नियुक्ति संबंधी ठोस कार्यवाही नहीं होती है तो वे आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे।

वही महाविद्यालय के सिनियर छात्र आकाश गोस्वामी ने कहा कि जिन समस्याओ को लेकर ज्ञापन सौपा गया है, 7 दिन के भीतर अगर समस्याओं का निराकरण नही होता तो समस्त छात्र छात्राओं के साथ महाविद्यालय में ही हड़ताल की जाएगी, जिसकी पूरी ज़िम्मेदारी महाविद्यालय प्रशासन की होगी, वही महाविद्यालय परिसर में डॉ बाबा साहब अम्बेडकर जी की प्रतिमा स्थापना की बात जब sdm महोदय जी से की गयी तो उनके द्वारा महाविद्यालय में गठित समितियों से चर्चा करने का सुझाव दिया गया।

इनका कहना है

विद्यार्थियों का ज्ञापन प्राप्त हुआ है इस विषय पर जन भागीदारी समिति की बैठक आयोजित कर इस विषय को रखा जाएगा और प्रयास किया जाएगा कि जन भागीदारी स्तर पर वैकल्पिक व्यवस्था बनाई जाए।

कमल सिंहसार, एसडीएम लांजी

खबर संक्षेप

रेडक्रास के स्टेट चेयरमेन श्याम सिंह कुमरे का हुआ सम्मान

हरिभूमि न्यूज सिवनी। मध्यप्रदेश रेडक्रास सोसायटी के प्रदेश चेयनमेन श्याम सिंह कुमरे द्वारा भोपाल में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में पदभार ग्रहण करने के बाद सिवनी आगमन पर उनका सम्मान व अभिनंदन मंगलवार को स्थानीय अभिनंदन रेस्टोरेंट बारापत्थर सिवनी में किया गया। इस दौरान जिला रेडक्रास सोसायटी के प्रबंध कार्यकारणी के पदाधिकारी व सदस्यगण उपस्थित रहे। इस दौरान पदाधिकारियों ने पुष्प गुच्छ, शाल श्रीफल भेट कर आगामी कार्यक्रमों के संबंध में चर्चा भी की। इस दौरान श्याम कुमरे जी की पत्नि व पुत्री भी उपस्थित रही।

कोतवाली पुलिस का गौ-वंश तस्करों पर कड़ा प्रहार

पन्ना से नागपुर कत्लखाना ले जा रहे 32 गौ-वंश बैल को कराया गया मुक्त

पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता द्वारा गौवंश तस्करी व अवैध परिवहन पर न केवल संवेदनशील हैं अपितु गौवंश तस्करों पर लगातार कार्रवाई हेतु सक्त हैं, जो इसी क्रम में श्रीमान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीपक मिश्रा एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस सिवनी श्रीमती श्रृध्दा सोनकर के कुशल मार्गदर्शन में कोतवाली थाना प्रभारी सतीश तिवारी के नेतृत्व में कोतवाली टीम के द्वारा दिनांक 09/12/25 को एक कंटेनर से 32 नग गौ-वंश को मुक्त कराया गया।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

उल्लेखनीय है कि आज दिनांक 09/12/2025 की रात्रि गश्त के दौरान मुखबिर सूचना प्राप्त हुई कि गौ-वंश तस्करों द्वारा जबलपुर से नागपुर की ओर बायपास से निकल रहा सफेद रंग के कंटेनर HR67B2505 वाहन में अवैध रूप से गौवंशो को क्रूरता पूर्वक ठूस-ठूसकर भरकर कत्ल खाने नागपुर तरफ ले जाया जा रहा है सूचना पर तत्काल हमराह स्टाफ के जबलपुर नागपुर फोरलेन हाईवे छिन्दवाडा रोड ब्रिज के पास पहुंचकर तथा हमराह स्टाफ एवं गवाहों के सफेद रंग के बंद कंटेनर ट्रक क्र. HR67B2505 को बामुश्किल ट्रकों का जाम लगाकर रोका जो उक्त वाहन का चालक व एक अन्य व्यक्ति पुलिस को देखकर वाहन खडा कर भागने लगे जिसे हमराह स्टाफ के घेराबंदी कर दो व्यक्तियों को पकडा गया वाहन की तलाशी पर कंटेनर को खोलकर देखने पर 32 नग गौवंश मवेशी बैल गिरमा रस्सी से सींग पैर गर्दन से निर्दयतापूर्वक बंधे हुए होकर क्रूरता पूर्वक ठूस-ठूस कर भरे हुये थे। पकडे गये व्यक्तियों से पूछताछ करने पर वाहन चालक ने अपना नाम मोहम्मद साकिर सिद्दिकी एवं उसके साथी मैशाद कुरैशी होना तथा पूछताछ पर दिनांक 08/12/25 को जिला पन्ना के जंगल में वहां आसपास के लोगों से जानवर खरीदकर कत्लखाना नागपुर बेचने के लिये 32 नग बैल लेकर कंटेनर वाहन में निकलना बताये। कंटेनर में से 32 नग गौ-वंश बैल को सुरक्षित मुक्त कराया गया जिन्हें सुरक्षित गौशाला दयोदय जीवरक्षा संस्थान बीझावाडा में चारा पानी एवं उचित देख रेख हेतु रखवाया गया हैं एवं आरोपियों की विधिवत गिरफ्तारी की जाकर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया जहां से दोनों आरोपियों को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा गया है।

जप्त शुदा संपत्ति

01. एक कंटेनर क्रमांक HR67B2505 कीमती करीबन 10,00,000/- रूपये । 02. 32 नग गौ-वंश बैल कीमती करीबन 3,00,000/- रूपये ।

आरोपी :

मोहम्मद साकिर सिद्दिकी पिता मोईनुद्दीन सिद्दिकी उम्र 38 साल निवासी अहमदपुर थाना पुरामुक्ती जिला प्रयागराज (उ.प्र.) 2. मैशाद पिता अहमदउल्ला कुरैशी उम्र 35 साल निवासी अमाव थाना खागा जिला फतेहपुर (उ.प्र.)।

उक्त कार्यवाही मे निरीक्षक सतीश तिवारी, सउनि जयवंत ठाकुर, प्र.आर. प्रशांत राठौर, आर. संतोष साहू, विनय सेंगर, राजेन्द्र राजपूत, सतीश इनवाती, सिध्दार्थ दुबे, प्रतीक बघेल, मुकेश चौरिया, इरफान खान की महत्वपूर्ण भूमिका रहीं।

ग्राम पंचायत बाँकी में सपंच, सचिव, उपयंत्री की साठगांठ से निर्माण कार्यों में भारी अनियमिता

बंडोल। जिला मुख्यालय से मात्र 20 कि.मी की दूरी पर स्थित ग्राम पंचायत बाँकी में सरपंच महेश जंघेला सचिव श्रीमति मंजू दहायत और ऊपयंत्री की साठगंठ से निर्माण कार्यो में भारी अनियमिता की जा रही है। जिससे घटिया निर्माण कार्य कुछ महीनों में ही अपनी दुर्दशा की कहानी स्वयं बयाँ कर रहे है

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

जनपद पंचायत सिवनी की 129 ग्राम पंचायत में से एक ग्राम पंचायत बाँकी है जिसमें शासन की योजना सरपंच महेश जंघेला अर्थलिप्सा की भेट चढ़ते नजर आ रही है शासकीय पानी टेंकर सब अनुपयोगी साबित हो रहे है सरपंच महेश जंघेला के द्वारा ग्राम पंचायत बाँकी में जवारे विसर्जन स्थल पहुंच मार्ग 200 मीटर में मुरमीकरण और एक पुलिया का निर्माण कार्य अधोसंरचना मद से 14 से15 लाख में कराया गया है।

उक्त निर्माण कार्य में भारी अनियमितता की उक्त पुलिया में 9 पाईप सीमेन्ट डाले गये है। मुर्म ट्रेक्टर से डालकर जेसीबी से प्लेन करके मुरमीकरण किया गया है जो स्वकृत राशि से कम का होना , प्रतीत होता है। लेकिन सरपंच, तिकड़ी विकास के कागजी घोड़े दोडऩे में महारत हासिल कर चुके जिस पर वरिष्ठ अधिकारियों की अन देखी भी चर्चा का विषय है बना हुआ है सरपंच महेश जंघेला अपने आपको भाजपा का बहुत बड़ा नेता और पंचायत एवं ग्रामीण बिकास मंत्री प्रहलाद पटेल का खासम खास आदमी बताता अपने आप को है और किसी भी प्रकार की कार्यवाही नहीं होने का दम भरता है। उक्त सरपंच सत्ता धारी दल की छवि को नुकशान पहुंचाने का भरपूर प्रयास कर रहे है ग्राम पंचायत बांकी में पूर्व सांसद श्रीमति नीता पटेरिया के द्वारा दिये टेंकर दिया गया था जो पंचायत के कर्णधरों की अनदेखी के चलते कबाड़ की हालत से पहुंच चुका है और अपनी अंतिम सासे गिन रहा है ।

ग्राम पंचायत बाकी मेंस्थित पटवारी हल्का नंबर 24 के कार्यालय भवन में पंचायत भवन निर्माण सामग्री सीमेंट लोहा रखा है उक्त भवन पटवारी के बैठने के लिए बनाया गया है लेकिन उसे पर सीमेंट रखी गई है ऐसी ही हालत आंगनबाड़ी शौचालय में ताला लटका रहता है और रहागीर यहां अपनी नित्य क्रिया यहां वहां खड़े रहकर करती नजर आते हैं स्वच्छ भारत पर ताला लटका हुआ है जिला कलेक्टर महोदय से आग्रह है कि ग्राम पंचायत बाकी के निर्माण कार्यों की जांच कर कर सरपंच सचिव और उपन्यत्री के ऊपर उचित कार्रवाई की जान अपेक्षा की गई है।

पटवारी कार्यालय बना सीमेंट गोदाम

सिवनी/ सिवनी जनपद पंचायत के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत बांकी का पटवारी कार्यालय इन दिनों चर्चा का प्रमुख विषय बना हुआ है। जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत भवन निर्माण कार्य के लिए लाई गई सामग्री को पटवारी कार्यालय में ही जमा कर दिया गया है, जिससे ग्रामीणों और अधिकारियों के बीच असंतोष का माहौल बना हुआ है।

ग्रामीणों ने बताया कि शासन की योजना के तहत ग्राम पंचायत भवन का निर्माण कार्य जारी है, लेकिन निर्माण में उपयोग होने वाली सीमेंट सहित अन्य सामग्री को पटवारी हल्का क्रमांक 24 के शासकीय भवन में रख दिया गया है। पटवारी कार्यालय को अस्थायी सीमेंट गोदाम के रूप में उपयोग किए जाने से राजस्व विभाग के अधिकारियों को नियमित कार्य करने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

स्थानीय लोग यह भी कहते हैं कि पिछले कई दिनों से पटवारी कार्यालय में सीमेंट के बोरे रखे हुए हैं, जिससे कार्यालयीन कार्यकुशलता प्रभावित हो रही है। वहीं, यह मुद्दा अब ग्राम में जन चर्चा का विषय बन चुका है, और लोग सवाल उठा रहे हैं कि सरकारी कार्यालय को निर्माण सामग्री के भंडारण के लिए क्यों इस्तेमाल किया जा रहा है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि शासन के भवन निर्माण से जुड़ी सामग्री को उचित स्थान पर रखा जाए और पटवारी कार्यालय को तत्काल सामान्य स्थिति में बहाल किया जाए, ताकि राजस्व से संबंधित कार्यों में आने वाली दिक्कतें दूर हो सकें।

13 दिसम्बर को आयोजित होगी नेशनल लोक अदालत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार तथा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सतीश चंद्र राय के मार्गदर्शन में जिला मुख्यालय सिवनी सहित तहसील लखनादौन, घंसौर एवं केवलारी के न्यायालय परिसर में शनिवार 13 दिसम्बर को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा।

इस लोक अदालत में समझौता योग्य दाण्डिक प्रकरण, चेक अनादरण (धारा-138 एन.आई.ए.), मोटर दुर्घटना दावा प्रकरण, वैवाहिक एवं पारिवारिक प्रकरण, सिविल प्रकरण, विद्युत एवं जलकर प्रकरण, बैंक वसूली प्रकरण, श्रम विवाद, शमनीय विधिक/दाण्डिक अपीलें तथा न्यायालय में लंबित एवं प्रीलिटिगेशन प्रकरणों को रखा जाएगा। इनमें दोनों पक्षों के मध्य आपसी सुलह एवं समझौते के माध्यम से प्रकरणों का निराकरण किया जाएगा। आयोजित नेशनल लोक अदालत में विशेष रूप से विद्युत प्रकरणों के निराकरण में नियमानुसार बड़ी छूट प्रदान की जाएगी। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव रवि नायक ने आमजन से अपील की है कि जिन व्यक्तियों के न्यायालय में या न्यायालय के बाहर प्रीलिटिगेशन स्तर पर प्रकरण लंबित हैं, वे लोक अदालत में उपस्थित होकर आपसी सुलह एवं समझौते के माध्यम से अपने प्रकरणों का निराकरण करा सकते हैं।

कांग्रेस का विशाल आंदोलन आज

सिवनी नगर में जिला कांग्रेस द्वारा बुधवार आज दोप. 12.00 बजे से कांग्रेस का विशाल आंदोलन कचहरी चौक मे आज किया जायेगा। वर्तमान में मक्का के गिरते दाम, खाद एवं बीज की कमी, सिंचाई, बिजली आपूर्ति जैसी किसानों की ज्वलंत समस्याओं पर प्रदेश की सोई हुई भाजपा सरकार व जगाने, मध्यप्रदेश काग्रेस कमेटी के अध्यक्ष माननीय जीतू पटवारी की गरिमामयी उपस्थिति में विशाल किसान आंदोलन किया जाना है यह किसानों के हक की लड़ाई लडऩे के लिए सभी अन्नदाता कृषक बन्धुओं की उपस्थिति अनिवार्य एवं प्रार्थनीय है।

गणेशगंज में बाबा खाटू श्याम प्रथम भजन संकीर्तन कार्यक्रम 15 को होगा आयोजित

जबलपुर के सुप्रसिद्ध भजन गायक नयन कपूर देंगे हारे के सहारे बाबा श्याम नाम की सुंदर प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज लखनादौन । जिले के नेशनल हाईवे पर स्थित गणेशगंज में इन दिनों खाटू वाले श्याम नाम प्रथम भजन संकीर्तन कार्यक्रम की तैयारियां जोर शोरों से चल रही है। नगर के सिद्धपीठ श्री हनुमान मंदिर में 15 दिसंबर को होना है कार्यक्रम का भव्य आयोजन,

आयोजक समिति बाबा श्याम के भक्तों की माने तो 15 दिसंबर दिन सोमवार को सफला एकादशी के पावन शुभावसर पर दोपहर श्री श्याम दरबार, निशान यात्रा लेकर नगर भ्रमण हेतू डीजे,बग्घी आतिशबाजी के साथ बड़े ही धूमधाम से निकाली जाएगी। जो सिद्धपीठ श्री हनुमान

मंदिर से प्रारंभ होकर मां खेरापती मंदिर ,बाजार चौंक होते हुए बस स्टैंड की और जाकर वापस श्री शेषनांग मंदिर,श्री राधाकृष्ण मंदिर होते हुए कार्यक्रम स्थल पहुंचेगी।

प्रभु को लगाए जाएंगे 56 भोग

शाम 7 बजे से बाबा श्याम प्रभु का आलौकिक श्रृंगार,अखंड ज्योत, इत्र वर्षा,पुष्प वर्षा, के साथ लगाए जाएंगे 56 भोग, होगें दिव्य दरबार के दर्शन उपरांत बाबा श्याम रसोई का होगा आयोजन। जिसमें आयोजक समिति ने बाबा के भक्तों से उक्त आयोजित प्रथम संकीर्तन कार्यक्रम में शामिल होकर धर्मलाभ अर्जित करते हुए अपने जीवन को सफल बनाएं जाने की बात कही।

बाबा श्याम नाम संकीर्तन की सुंदर प्रस्तुति

प्रदेश के विभिन्न जिलों में भजन की सुंदर आकर्षित प्रस्तुति देने वाले जबलपुर के सुप्रसिद्ध भजन गायक नयन कपूर देर शाम से प्रभु ईच्छा तक देंगे बाबा श्याम नाम की सुंदर प्रस्तुति। जिस हेतू बाबा के भक्तों ने व्यापक प्रचार प्रसार करते हुए गणेशगंज नगर के हर घर चौंक चौराहों में बैनर पोस्टर लगाकर नगर में प्रथम कार्यक्रम को सफल बनाएं जाने किया भव्य तैयारियां।

पिछले कुछ माह में तीन विमान हादसे प्रश्न चिन्ह खड़ा करता है ट्रेनिंग सेंटर वालों पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

बीते कुछ माह में हवाई पट्टी ट्रेनिंग सेंटर से तीन हादसे हो चुके हैं जो की बहुत बड़ा प्रश्न चिन्ह खड़ा करता है कि आखिर इन हादसों की वजह क्या है क्या ट्रेनिंग सेंटर के मैनेजमेंट में कोई कमी है रात हुई घटना को अगर देखा जाए तो हाई टेंशन लाइन से विमान टकराया और क्षतिग्रस्त हुआ जिस पर दो लोग घायल हुए बिजली की आपूर्ति से 90 गांव वंचित रहे इस तरह की घटनाएं होना जिले वासियों के लिए चिंता का विषय बन रही है क्योंकि यह ट्रेनिंग विमान शहर के ऊपर रोजाना उड़ते हैं जिसको लेकर

आम जनमानस में बहुत सारे पश्न आ रहे हैं ट्रेनिंग विमान उड़ाते समय यदि शहर में कोई हादसा होता है तो उसकी जिम्मेदारी कौन लेगा वही आम जनमानस में इसका आक्रोश भी देखा गया है अब देखना यह है प्रशासन इस पर क्या एक्शन लेगा।

जिला मुख्यालय से 20 किमी दूर नागपुर हाईवे पर सुकतरा हवाई पट्टी के पास सोमवार शाम तकरीबन छह बजे रेड वर्ड एविएशन का ट्रेनी

प्लेन लैंड करते समय क्रेश हो गया।

जानकारी के मुताबिक ये प्लेन यहा मौजूद 33 केवी की बिजली लाइन से टकराया और जमीन पर आ गिरा, हादसे में प्लेन में सवार एक ट्रेनर और एक ट्रेनी पायलेट घायल हुए हैं, जिन्हें निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इनकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है।

सिवनी एसपी सुनील मेहता के मुताबिक रेड वर्ड एविएशन का एक ट्रेनी प्लेन क्रैश हुआ है, हादसे में दो लोग घायल हुए है, जिनका उपचार निजी अस्पताल में चल रहा है। सूचना मिलने पर एक टीम मौके पर भेजी गई है। जानकारी के मुताबिक हादसे में ट्रेनर पायलेट अजीत और ट्रेनी अशोक घायल हुए हैं। इधर बिजली सप्लाई सुचारू करने के लिए विद्युत वितरण कंपनी की टीम भी मौके पर पहुंची हैं। गौरतलब है कि सुकतरा हवाई पट्टी पर पूर्व में भी ट्रेनी प्लेन के हादसे हो चुके हैं।

इधर बिजली सप्लाई सुचारू करने के लिए विद्युत वितरण कंपनी की टीम भी मौके पर पहुंची हैं। गौरतलब है कि सुकतरा हवाई पट्टी पर पूर्व में भी ट्रेनी प्लेन के हादसे हो चुके हैं।

सूत्र बताते है कि देर रात से ही मध्य प्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के एक्जीक्यूटिव इंजीनियर सुभाष राय ने कहा- तार टूटने से बादलपार और ग्वारी सब स्टेशन क्षेत्र के करीब 90 गांवों में बिजली आपूर्ति बंद हो गई है। स्टाफ मरम्मत कर रहा है।

विधानसभा के शीतकालीन सत्र में केवलारी विधायक ने किसानों से जुड़े अनेक महत्वपूर्ण एवं अत्यावश्यक मुद्दा उठा

विधानसभा के शीतकालीन सत्र में किसानों के लिए पानी , बिजली के ट्रांसफार्मर, नहरों में सीमेंटीकरण योजना के संबंध में एवं मक्का की फसल का न्यूनतम समर्थन मूल्य एमएसपी में खरीदी के संबंध में गंभीर मुद्दा उठाया। विधानसभा के शीतकालीन सत्र के दौरान मैंने केवलारी विधानसभा क्षेत्र के किसानों से जुड़े अनेक महत्वपूर्ण एवं अत्यावश्यक मुद्दों को गंभीरता से सदन में उठाया। हमारे क्षेत्र के किसानों को सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी उपलब्ध न होने, कई ग्राम पंचायतों में बिजली के ट्रांसफार्मरों की क्षमता अपर्याप्त होने, तथा कृषि कार्य के दौरान बार-बार आने वाली बिजली व्यवधान की समस्या के कारण किसानों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

इन समस्याओं के त्वरित समाधान हेतु आवश्यक निर्देश जारी किए जाने का आग्रह किया। इसके साथ ही, केवलारी क्षेत्र की नहरों में सीमेंटीकरण कार्यों की

धीमी गति, कई स्थानों पर नहरों की जर्जर स्थिति तथा पानी के रिसाव जैसी समस्याओं को भी विस्तार से रखा। मैंने सरकार से मांग की कि नहरों के सीमेंटीकरण एवं सुधार कार्यों को शीघ्रता से पूर्ण कराया जाए, ताकि क्षेत्र के किसानों को सिंचाई के लिए पर्याप्त और नियमित जल उपलब्ध हो सके। इसी प्रकार, क्षेत्र में बड़े पैमाने पर उपजाई जाने वाली मक्का फसल के न्यूनतम समर्थन मूल्य एमएसपी पर खरीदी को लेकर भी गंभीर चिंता व्यक्त की। खरीदी केंद्रों की संख्या बढ़ाने, तौल प्रक्रिया को सुचारू बनाने, किसानों को समय पर भुगतान सुनिश्चित करने तथा खरीदी व्यवस्था में पारदर्शिता लाने की आवश्यकता को मैंने विशेष रूप से रेखांकित किया।

मैंने सरकार का ध्यान इस ओर आकर्षित किया कि केवलारी विधानसभा के किसानों का हित सर्वोपरि है, और उन्हें बेहतर सिंचाई सुविधाएँ, पर्याप्त बिजली आपूर्ति, मजबूत कृषि अवसंरचना तथा एमएसपी पर समयबद्ध खरीदी प्रदान करना अनिवार्य है।

विधायक दिनेश राय मुनमुन ने किया मध्यप्रदेश रेडक्रास अध्यक्ष का किया स्वागत

सिवनी। विधानसभा क्षेत्र के विधायक दिनेश राय मुनमुन ने अपने कार्यालय में अनेकों आवेदनों पर सुनवाई कर समस्याओं का निराकरण किये जाने निर्देश दिया। आज विधायक *श्री दिनेश राय मुनमुन* जी ने अपने बारापत्थर स्थित कार्यालय मे प्रातः 11:00 बजे से जन सुनवाई किया। तथा नागरिकों की समस्याओं का निराकरण किये जाने हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया। इसके पश्चात आपने जिला भाजपा कार्यालय मे भी जनसुनवाई कर लोगों की समस्याओं को सुना। इसके अलावा विधायक *श्री दिनेश राय मुनमुन* जी ने जिला भाजपा कार्यालय आगमन पर मध्यप्रदेश रेडक्रास सोसायटी के नवनिर्वाचित अध्यक्ष श्री श्याम कुमरे जी का पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया।

किसान बिजली कटौती से परेशान

मोहगांव एवं करहैया में चल रहा बिजली विभाग का आंख मिचोनी का खेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

मोहगांव एवं करहैया में विद्युत्त मंडल द्वारा किसानों के पम्प कनेक्शन विद्युत्त लाईन में अघोषित विद्युत्त कटौती की जा रही है हमारे द्वारा क्षेत्रीय विद्युत्त मंडल अधिकारी एवं उप अधिक्षण यंत्री सिवनी कार्यालय में आकर कई बार विद्युत्त कटौती न करने हेतु शिकायत भी की गई परन्तु आज दिनांक तक

विद्युत्त कटौती में कोई सुधार नही किया गया है। एवं रात्रि के समय एक बजे से रात्रि 4 बजे तक जो विद्युत्त लाईन दी जा रही है इसमें भी परिवर्तन नहीं किया गया है।

जिससे किसानो को रात्रि के समय सिचाई करने में जंगली जानवरों का भय बना रहता है। जिससे कभी जनहानि हो सकती है। किसानों को लगातार दिन के समय 10 घंटे विद्युत्त प्रदाय की जाये एवं यदि सुधार कार्य के नाम से विद्युत्त कटौती की जाती है तो उसे बडा कर दिया जाये। बार-बार पम्प कनेक्शन विद्युत्त कनेक्शन कटने से किसानों में अकोश है। साथ ही सात दिवस के अंदर विद्युत्त कटौतती में सुधार नही किया गया तो बडा जन अंदोजन करने हेतु बाध्य होना पडेगा जिसकी समस्त जिम्मेदारी विद्युत्त मंडल सिवनी की होगी।

सडक़ हादसे में महिला की मौत, पुलिस जुटी जांच में

सिवनी। जिले के लखनादौन थाना क्षेत्र में सोमवार देर रात एक सडक़ हादसे में एक महिला की मौत हो गई, जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। यह घटना सारसडोल गांव के पास रात में हुई, जब एक अज्ञात वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी। घायल युवक को जबलपुर मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है।

पुलिस के अनुसार, खमरिया गांव तरफ से लखनादौन जा रहे एक पुरुष और महिला बाइक पर सवार थे। सारसडोल के पास पहुंचने पर एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी, जिससे यह हादसा हुआ।प्रत्यक्षदर्शियों ने तत्काल पुलिस और एम्बुलेंस को सूचना दी। स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को एम्बुलेंस द्वारा लखनादौन सिविल अस्पताल पहुंचाया गया। वहां डॉक्टरों ने महिला को मृत घोषित कर दिया, जबकि गंभीर रूप से घायल युवक को प्राथमिक उपचार के बाद जबलपुर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की जांच शुरू कर दी है। पुलिस यह पता लगाने का प्रयास

कर रही है कि हादसा कैसे हुआ और टक्कर मारने वाला वाहन कौन सा था। पुलिस मृतक और घायल के संबंध में भी जानकारी जुटा रही है।

वाहन की तलाश जारी

लखनादौन थाना प्रभारी कीरत सिंह धुर्वे ने बताया कि उन्हें सडक़ हादसे में एक मौत और एक घायल होने की सूचना मिली थी। उन्होंने कहा कि मामले की जांच जारी है। साथ ही अज्ञात वाहन की तलाश की जा रही है। पुलिस ने लोगों से सावधानीपूर्वक वाहन चलाने की अपील की है।

ग्रामीणों की शिकायत पर नरोड़ी रेत घाट पहुँचे विधायक विवेक पटेल

भाजपा के शासन काल में घाटों से हो रहा रेत का अवैध उत्खनन: पटेल

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।

वारासिवनी-खैरलाँजी क्षेत्र में रेत माफियाओं द्वारा रेत का अवैध उत्खनन कर परिवहन काफी समय से किया जा रहा हैं। जिसकी शिकायत ग्रामीणों द्वारा प्रशासन को लगातार की जा रही थी, लेकिन कार्यवाही न होने से परेशान होकर ग्रामीणों ने आखिरकार क्षेत्रीय विधायक विवेक पटेल को अवैध रेत खनन की सूचना दी। जिस पर विधायक विवेक पटेल ने ग्राम पंचायत नरोड़ी के करीया टोला रेत घाट पहुँचे। जहाँ अवैध रूप से नदी से रेत निकाली जा रही थी, विधायक पटेल को देखकर रेत चोर अपने-अपने ट्रेक्टर को लेकर मौके से फरार हो गए।

ग्राम नरोड़ी के सैकड़ों ग्रामीणों ने विधायक पटेल को की थी शिकायत

सैकड़ो की संख्या में ग्राम नरोडी से विधायक निवास पर पहुँचे ग्रामीणों ने विधायक पटेल को बताया था कि रेत ठेकेदार के कुछ व्यक्तियों द्वारा रातों रात और दिन में नदी से बेधडक़ रेत निकाली जाती हैं, उन्हें रोकने पर ग्रामीणों को धमकाया जाता हैं। इसकी शिकायत अधिकारियों को करने के बाद भी कार्यवाही करने कोई अधिकारी नहीं आता हैं।

अवैध रूप से निकाली जा रही है नदी से रेत-विवेक पटेल

ग्रामीणों की शिकायत पर विधायक श्री पटेल नरोड़ी के करियाटोली रेत घाट पर पहुँचे थे। जहाँ उन्होंने ट्रेक्टरों से रेत का परिवहन करते हुए देखा। लेकिन ट्रेक्टर वालों ने जैसे ही विधायक विवेक पटेल को आते हुए देखा, वह सभी अपने-अपने ट्रेक्टर लेकर वहाँ से फरार हो गए।

ग्रामीणों की शिकायत पर विधायक पहुँचे रेत घाट

इस अवसर पर विधायक श्री पटेल ने कहा कि वारासिवनी-खैरलाँजी क्षेत्र में अवैध रेत का कारोबार काफी सालों से जोरों पर चल रहा है। जिसकी सूचना ग्रामीणों द्वारा प्रशासनिक अधिकारियों को दी जाती हैं, लेकिन किसी भी प्रकार की कार्यवाही नहीं की जा रही थी। जिससे परेशान होकर आज ग्रामीणों ने मुझे जानकारी दी थी। ग्रामीणों ने मुझे बताया था कि ठेकेदार द्वारा जो घाट स्वीकृत नहीं हैं, उनसे रेत चोरी किया जा रहा है। जिस पर मै करियाटोला के रेत घाट पर आया था। लेकिन रेत चोर ट्रेक्टर लेकर फरार हो गए।

आरोप लगाने वाले पुराने नेता तो कभी रेत घाट पर गए ही नहीं

उन्होंने बताया कि कुछ दिनों

पूर्व मेरे द्वारा ग्रामीणों के साथ बिठली रेत घाट पहुंच कर छापामार कार्रवाई की गई थी। वहॉ भी मौके से सभी ट्रेक्टर चालक ट्रेक्टर लेकर मौके से फरार हो गए थे। मुझ पर पूर्व के नेताओं द्वारा आरोप लगाया जाता हैं कि विधायक की मिलीभगत से सब चल रहा हैं। मैं जब से विधायक बना हूँ, उसके बाद से लगातार अवैध रेत घाटों पर पहुँच कर मौके पर अधिकारियों को बुलवा कर कार्यवाही करवा रहा हूँ। लेकिन पुराने वाले नेता तो अपने पूरे कार्यकाल में कभी किसी रेत घाट पर गए ही नहीं थे।

उन्होंने खनिज विभाग के अधिकारियों को स्पष्ट रुप से चेतावनी दी है कि वह रेत घाटों से अवैध रुप से रेत चोरी करने वाले लोगों पर सख्त कार्यवाही करे, अन्यथा उन्हें आंदोलन के लिए विवश होना पड़ेगा।

500 घरों में लगाए गए स्मार्ट मीटर, स्मार्ट मीटर लगने के बाद आया मनमाना बिल

हरिभूमि न्यूज कटंगी।

कटंगी शहर में बीते दिनों परंपरागत मीटर हटाकर नए स्मार्ट मीटर लगाने का कार्य शुरू हुआ। जिसके बाद कई उपभोक्ताओं ने नए स्मार्ट मीटर लगाने का विरोध भी किया। हालांकि इस विरोध के बीच नगर के अलग-अलग वार्ड में 5 सौ उपभोक्ताओं के घरों में स्मार्ट मीटर लगाए गए। स्मार्ट मीटर लगने के बाद पहली बार मंगलवार को बिजली उपभोक्ताओं को बिल का मैसेज आया। 5 सौ उपभोक्ताओं में 08 उपभोक्ताओं को जो बिल का मैसेज मिला उसे देखकर उनके होश उड़ गए। इन 08 उपभोक्ताओं को 12 हजार से लेकर 45 हजार रुपए तक की राशि का बिल मिला। जबकि पुर्व में इनके घरों में 100 रुपए से लेकर 200 रुपए तक के बिल आते थे। जिससे उपभोक्ताओं में हड़कंप मच गया और यह उपभोक्ता विद्युत कार्यालय की तरफ भागते हुए नजर आए। उपभोक्ताओं से अधिक बिजली बिलों की शिकायत मिलने के बाद संबंधित अधिकारी ने साफ कर दिया कि कुछ तकनीकि खामियों की वजह से ऐसा हुआ है। जिनके बिल बढ़े हुए आए है उनमें सुधार किया जाएगा। उपभोक्ताओं ने बताया कि मीटर तेज गति से चल रहा है पूरी लाइट बंद होने के बाद भी रीड़गि तेजी से बढ़ रही है। उपभोक्ताओं ने मीटर में फाल्ट होने का आरोप लगाया है तो वहीं बिजली विभाग का दावा है कि शत प्रतिशत मीटर की जांच लैबोरेटरी में कराने के बाद ही मीटर लगाएं जा रहे है।

प्राप्त जानकारी अनुसार रजनीश राउत को 12429, झाड़ू सहारे को 12787, बेनीराम आमाड़ारे को 14000, राखी राउत को 14000, रवि भिमटे को 44200, मुकेश भिमटे को 14000, कृष्ण कुमार सेन्दरे को 37955 और शरद सहारे को 45000 का बिल को मैसेज आया है। रवि भिमटे ने बताया कि पहले उनके घर में 100 रुपए से अधिक का बिल नहीं आता था लेकिन स्मार्ट मीटर लगने के बाद पहली बार 40 हजार से अधिक का बिल आ गया। उन्होंने बताया कि अब मोबाइल में मैसेज के जरिए ही बिल की राशि का पता चलता है।

झाड़ू सहारे की बेटी शालिनी ने बताया कि उनके घर 12 हजार से अधिक की बिल आया है। कृष्ण कुमार सेन्दरे ने बताया कि 37 हजार से अधिक का बिल आया। जैसे ही यह मैसेज उनके मोबाइल पर आया तो वह सीधे बिजली कार्यालय पहुंचे जहां उन्हें यह भरोसा दिया गया कि अभी बिल की राशि जमा करने की जरूरत नहीं है। विभाग के अधिकारी से यह आश्वासन देने के बाद उन्होंने राहत की सांस ली।

15 दिसम्बर नाम निर्देशन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि

5 सरपंच एवं 42 पंचों के निर्वाचन के लिए अधिसूचना जारी

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित पंचायतों के उप निर्वाचन कार्यक्रम-2025 के अनुसार बालाघाट जिले में सरपंच के 05 पद एवं पंचो के 42 पदो पर निर्वाचन के लिए 08 दिसम्बर को निर्वाचन की सूचना का प्रकाशन कर दिया गया है और इसके साथ ही प्रत्याशियों के नाम निर्देशन पत्र प्राप्त करना शुरू कर दिया गया है। नाम निर्देशन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 15 दिसम्बर को दोपहर 03 बजे तक निर्धारित है।

बालाघाट जिले की बिरसा विकासखंड की ग्राम पंचायत पल्हेरा, वारासिवनी विकासखंड की ग्राम पंचायत झालीवाड़ा, खैरलांजी विकासखंड की ग्राम पंचायत कचेखनी, लालबर्रा विकासखंड की ग्राम पंचायत रमपुरी एवं परसवाड़ा विकासखंड की ग्राम पंचायत उकवा में सरपंच के रिक्त पद की पूर्ति के लिए उप निर्वाचन कराया जा रहा है।

इसी प्रकार बालाघाट विकासखंड के अंतर्गत ग्राम पंचायत मोहगांव, आंवलाझरी, भरवेली, लांजी विकासखंड के अंतर्गत ग्राम पंचायत कोचेवाही, चिखलामाली, बापड़ी, किरनापुर विकासखंड के अंतर्गत ग्राम पंचायत जामडी, परसवाड़ा विकासखंड के अंतर्गत ग्राम पंचायत उडदना, बघोली, पोंगारझोड़ी, सिंघई, बिरसा विकासखंड के अंतर्गत ग्राम पंचायत साल्हेवाड़ा, जमुनिया, वारासिवनी विकासखंड के अंतर्गत ग्राम पंचायत झालीवाड़ा, सिर्रा, वारा, कटंगी विकासखंड के अंतर्गत ग्राम पंचायत खरपड़िया, धनकोसा तथा लालबर्रा विकासखंड के अंतर्गत ग्राम पंचायत गणेशपुर, बल्हारपुर व कामथी में पंच के 01-01 रिक्त पद की पूर्ति के लिए उप निर्वाचन कराया जा रहा है। बिरसा विकासखंड की ग्राम पंचायत रघोली में 02, कचनारी में 07, बहेराभाटा में 06, सालेटेकरी में 04 एवं लालबर्रा विकासखंड की ग्राम पंचायत लेण्डेझरी में पंच के 02 रिक्त पदों की पूर्ति के लिए उप निर्वाचन कराया जा रहा है।

05 सरपंच एवं 42 पंचो के निर्वाचन के लिए 08 दिसम्बर को संबंधित क्षेत्र के रिटर्निंग अधिकारी द्वारा निर्वाचन की सूचना का प्रकाशन कर दिया गया है और इसके साथ ही प्रत्याशियों के नाम निर्देशन पत्र प्राप्त करना शुरू कर दिया गया है। नाम निर्देशन पत्र 15 दिसम्बर को दोपहर 03 बजे तक जमा किये जा सकते है। प्रत्याशियों द्वारा जमा किये गए नाम निर्देशन पत्रों की जांच का कार्य 16 दिसम्बर को किया जाएगा। जो प्रत्याशी चुनाव नही लड़ना चाहेंगे वे 18 दिसम्बर को दोपहर 03 बजे तक अपने नाम वापस ले सकते है। नाम वापसी के बाद शेष बचे प्रत्याशियों को चुनाव चिन्ह आवंटित कर दिये जाएंगे। आवश्यक होने पर 29 दिसम्बर को प्रातः 07 बजे अपरान्ह 03 बजे तक निर्धारित मतदान केंद्रो पर मतदान कराया जाएगा। पंच की मतगणना 29 दिसम्बर को मतदान केंद्र पर ही मतदान समाप्त होने के बाद की जाएगी। जबकि सरपंच के मतो की गणना 02 जनवरी 2026 को विकासखंड मुख्यालय पर प्रातः 08 बजे से की जाएगी।

फॉर्मर आईडी को खसरे से लिंक कराना भी होगा जरूरी

किसानों की डिजिटल पहचान के लिए फार्मर आईडी बनवाना अनिवार्य

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

जिले में किसानों की डिजिटल पहचान और फार्मर रजिस्ट्री तैयार करने का कार्य तेजी से जारी है। शासन के निर्देशानुसार सभी किसानों के लिए Farmer ID बनवाना अनिवार्य किया गया है। इसके साथ ही किसानों की सभी भूमि खसरा संख्याओं को Farmer ID से लिंक करना भी आवश्यक है। अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया कि आने वाले समय में फसलों की समर्थन मूल्य (MSP) पर खरीदी व्यवस्था पूरी तरह Farmer Registry से जुड़े किसानों के आधार पर ही की जाएगी। जिन किसानों की Farmer ID बनी होगी और जिनके सभी खसरे उससे जुड़े होंगे, केवल वही किसान सरकारी

खरीद का लाभ प्राप्त कर सकेंगे। इसके अलावा PM-KISAN योजना का लाभ प्राप्त करने, खाद-बीज की खरीद तथा अन्य कृषि संबंधी सुविधाओं के लिए भी Farmer ID से खसरे लिंक होना अनिवार्य कर दिया गया है। जिले के समस्त किसानों से अपील की गई है कि यदि उनकी फार्मर आईडी बन चुकी है, लेकिन खसरे लिंक नहीं हुए हैं, तो तत्काल अपने संबंधित पटवारी से संपर्क कर खसरे लिंक करवाएं। और यदि फार्मर आईडी अभी तक नहीं बना है, तो शीघ्रता से फार्मर आईडी बनवाकर अपनी सभी भूमि विवरण जोड़ें। किसानों से अनुरोध किया गया है कि वे निर्धारित समय के भीतर यह प्रक्रिया पूर्ण कर लें, ताकि भविष्य में किसी भी सरकारी योजना या खरीद व्यवस्था से वंचित न रह जाएं।

13 दिसंबर को नेशनल लोक अदालत का आयोजन

बालाघाट। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं मप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार 13 दिसम्बर को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाना है। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश व अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बालाघाट श्री प्राणेश कुमार प्राण के मार्गदर्शन में यह नेशनल लोक अदालत बालाघाट के सभी जिला न्यायालयों, तालुका न्यायालयों, श्रम न्यायालयों, कुटुम्ब न्यायालय में आयोजित की जाएगी। नेशनल लोक अदालत में न्यायालयों में लंबित विभिन्न प्रकृति के प्रकरणों में आपराधिक शमनीय प्रकरण, परक्राम्य लिखत अधिनियम की धारा 138 के अंतर्गत प्रकरण, बैंक मनी रिकवरी संबंधी मामले, एमएसीसी प्रकरण (मोटर दुर्घटना क्षतिपूर्ति दावा प्रकरण), वैवाहिक प्रकरण, श्रम विवाद प्रकरण, भूमि अधिग्रहण के प्रकरण एवं जल कर, विद्युत चोरी सहित शमनीय प्रकरण और दीवानी इत्यादि विभिन्न प्रकृति के महत्वपूर्ण मामले रखे जाएंगे।

कृषि विभाग चला रहा विशेष अभियान : पराली न जलाने किसानों को किया जा रहा जागरूक

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

खेतों में धान एवं अन्य फसलों के अवशेष (पराली) जलाने से मिट्टी की गुणवत्ता और पर्यावरण दोनों पर गंभीर प्रभाव पड़ता है। पराली जलाने से मिट्टी के उपयोगी कीट नष्ट हो जाते हैं, जिससे फसल उत्पादन प्रभावित होता है। वहीं हवा में धुआं फैलने से प्रदूषण भी बढ़ता है। इन्हीं दुष्परिणामों को ध्यान में रखते हुए कृषि विभाग द्वारा किसानों को जागरूक करने के लिए जिले में विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

उपसंचालक कृषि श्री फूलसिंह मालवीय ने बताया कि 09 दिसंबर को कृषि विभाग के ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों द्वारा किरनापुर विकासखंड के ग्राम सिवनीकला, बड़गांव, सिवनीखुर्द, कटोरी, जानवा, दहीगढ़वा, देवगांव, बोरगांव, सिंगोड़ी एवं निम्देवाड़ा सहित विभिन्न धान उपार्जन केंद्रों

पर व्यापक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। अभियान के तहत ग्राम पंचायतों एवं उपार्जन केंद्रों में पराली–नरवाई न जलाने संबंधी आदेशों की प्रतियां चस्पा की गईं। किसानों को बताया गया कि पराली जलाना कानूनन दंडनीय अपराध है, जिसके लिए जुर्माना एवं जेल की सजा का प्रावधान है। विभाग द्वारा किसानों को सलाह दी गई कि पराली जलाने के बजाय उसे खेत में ही नष्ट कर जैविक खाद के रूप में उपयोग करें, जिससे मिट्टी की उर्वरता बढ़ेगी और उत्पादन में सुधार होगा।

अधिकारियों ने किसानों को रबी सीजन में धान की फसल न लगाने तथा उसके स्थान पर कम पानी में तैयार होने वाली गेहूं, चना, अलसी, सरसों आदि फसलों की खेती करने की सलाह भी दी। कृषि विभाग का यह जागरूकता अभियान किसानों को पर्यावरण संरक्षण, मिट्टी की सेहत सुधारने और टिकाऊ खेती अपनाने की दिशा में प्रेरित कर रहा है।

65 आवेदकों ने दिये अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन

जनसुनवाई में कलेक्टर ने सुनी आवेदकों की समस्या

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

जनसुनवाई में कलेक्ट्रेट कार्यालय सामान्य निर्वाचन के सेवानिवृत्त भृत्य लखनलाल सोनवाने शिकायत लेकर आए थे कि सेवानिवृत्त होने के बाद भी उसे पेंशन व जीआईएस बीमा राशि का लाभ नही मिल पा रहा है। लखनलाल ने बताया कि वह 30 जून 2025 को कार्यालय सामान्य निर्वाचन से भृत्य के पद से सेवानिवृत्त हो चुका है तथा उसने पूरी जिम्मेदारी व तन्मयता के साथ शासन को अपनी सेवाए दी है। लखनलाल ने बताया कि उसे सेवानिवृत्त हुए 06 माह हो गए है लेकिन अब तक न ही पेंशन प्राप्त हुई है और न ही अवकाश नगदीकरण जीआईएस बीमा की राशि का भुगतान किया गया है। इस संबंध में जिला पेंशन अधिकारी को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए है।

लालबर्रा तहसील के ग्राम कंजई के रूपलाल सलामे शिकायत लेकर आए थे कि उसे वन विभाग द्वारा अब तक पीएफ का पैसा प्रदाय नही किया गया है। रूपलाल ने बताया कि उसने वर्ष 2001 से 2012 तक वन विकास निगम कनकी डिपो में चौकीदार के पद पर कार्य किया है। वर्ष 2004 से 2012 तक लगातार उसके वेतन से पीएफ का पैसा काटा गया है, जिसे निकालने के लिए उसने पिछले वर्ष ही बालाघाट डिविजन कार्यालय में फार्म जमा किया था, लेकिन अब तक उसके खाते में पीएफ का पैसा जमा नही कराया गया है। इस संबंध में एसडीओ फॉरेस्ट को शीघ्र आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिये गए है।

जनसुनवाई में ग्राम पंचायत कन्हड़गांव के सरपंच उनके गांव में रोजगार सहायक की नियुक्ति की मांग लेकर आए थे। उनका कहना था कि ग्राम पंचायत कन्हड़गांव में विगत 02 वर्षों से रोजगार सहायक का पद रिक्त है, जिस वजह से उन्हें शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ नही मिल पा रहा है। इस संबंध में परियोजना अधिकारी मनरेगा को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिये गए है।

जनसुनवाई में बैहर रोड बालाघाट के नागरिक आवारा कुत्तों से छुटकारा दिलाने की मांग लेकर आए थे। उनका कहना था कि उनके एरिया में आवारा कुत्तों की तादाद बढ़ती जा रही है। आए दिन किसी न किसी के साथ कुत्तों के काटने का मामला सामने आ रहा है। 15 दिन पहले ही बब्बू मिस्त्री की कुत्ते के काटने से मृत्यु हो गई, वहीं 05 दिन पहले एक 08 साल की बच्ची को कुत्ते ने काट दिया है जिसकी हालत नाजूक है। नागरिकों ने जिला प्रशासन से इस पर आवश्यक कार्यवाही की गुहार लगाई है। इस प्रकरण में कलेक्टर श्री मीना ने सीएमओ बालाघाट को शीघ्र कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए है।

कमला नेहरू कन्या महाविद्यालय में आयोजित किया गया स्वास्थ्य जांच शिविर एवं एड्स जागरूकता पखवाड़ा

हरिभूमि न्यूज बालाघाट। शासकीय कमला नेहरू कन्या महाविद्यालय बालाघाट में लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग के द्वारा उमंग उच्च शिक्षा हेल्थ एवं वेलनेस कार्यक्रम मध्यप्रदेश शासन के अंतर्गत स्वास्थ्य जांच एवं जागरूकता शिविर का आयोजन महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ निधि ठाकुर की अध्यक्षता में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एवं रेड रिबन क्लब के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित किया गया। इस स्वास्थ्य जांच शिविर के अंतर्गत जिला चिकित्सालय की टीम द्वारा छात्राओं का बीएमआई जांच एवं रक्त जांच जैसे हीमोग्लोबिन, एनीमिया एवं सिकल सेल एनीनिया जांच कराई गई। साथ ही छात्राओं को मुफ्त में दवाई भी वितरित की गई। एड्स जागरूकता पखवाड़े के अंतर्गत 06 दिसम्बर को एक दिवसीय कार्यशाला में निबंध प्रतियोगिता एवं पोस्टर प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। इस कार्यशाला में मुख्य अतिथि डॉ. परेश उपलव सीएचएमओ बालाघाट, मुख्य वक्ता सीमा मिर्जा आईसीटीसी काउन्सलर, रोशनी टेंभरे स्वास्थ्य विभाग एवं राजाराम चक्रवती प्रोजेक्ट आफिसर डीईआईसी बालाघाट उपस्थित रहे। सीएचएमओ डॉ. उपलप द्वारा एड्स की विश्वव्यापी स्थिति एवं इस विषय पर जागरूकता की अनिवार्यता पर प्रकाश डाला गया। आईसीटीसी काउन्सलर सीमा मिर्जा द्वारा कार्यशाला में छात्राओं को एड्स बीमारी के लक्षण, बचाव एवं सुरक्षा उपायों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई एवं समाज में व्याप्त भ्रांतियों को दूर करने के लिए प्रेरित किया गया।

राईस मिल एसोसिएशन अध्यक्ष ने की नई कार्यकारिणी का गठन

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

राईस मिल एसोसिएशन जिला बालाघाट के नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष आनंद ठाकरे ने सगंठन का विस्तार करते हुए अन्य राईस मिलर्सो को नई-नई जिम्मेदारियां सौंपी है। गत दिवस ही राईस मिल एसोसिएशन के युवा उद्यमी आनंद ठाकरे को जिलाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी है, जिन्होने बालाघाट प्रवास पर पहुंचे मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को राईस मिलिंग नीति के तहत हो रहीं परेशानियों को लेकर ज्ञापन सौपा हैं, जिसके बाद अपनी कार्यकारणी का गठन किया गया है।राईस मिल एसोसिएशन की नई कार्यकारणी का गठन किया गया हैं, जिसमें सरंक्षक अनिल चतुरमोहता बालाघाट, गंभीर संचेती वारासिवनी, राजकुमार कावरे बालाघाट, प्रकाश सचदेवा बालाघाट, राकेश भटेरे लांजी, जितेन्द्र मोनू भगत गर्रा एवं नवनिवार्चित अध्यक्ष आनंद ठाकरे, महासिचव समीर सचदेवा, अंकित अग्रवाल महासचिव मीडिया प्रभारी तथा उपाध्यक्ष में विनोद शर्मा, खेमचंद धनवानी गर्रा, हिरदेश हीरवाने परसवाड़ा, अंकित संचेती वारासिवनी, डुलेन्द्र टेम्भरे कटंगी, विजय मस्करे लांजी, अंकित अग्रवाल लांजी एवं सह सचिव में विजय घोष लालबर्रा, अंशुल पाराशन लांजी, ज्ञान चौरडिय़ा कटंगी, मुकेश पटले अतरी, आशीष असाटी बैहर के साथ ही कोषाध्यक्ष विनोद राहंगडाले बालाघाट व आकाश चावला गर्रा को सह कोषाध्यक्ष

मनोनित किया गया हैं।कार्यकारिणी सदस्यों में दर्शन चौरडिय़ा वारासिवनी, जयप्रकश अग्रवाल वारासिवनी, गागनदास सोमानी वारासिवनी, जितेन्द्र वैद्य बालाघाट, विजय सुराना वारासिवनी, सुनील जैन वारासिवनी, दिपलक रामचंदानी वारासिवनी, अजय रामचंदानी वारासिवनी, सुनील अग्रवाल लिंगा, राजेश करमेले लालबर्रा, महेन्द्र कोठारी बालाघाट, जितेन्द्र टेम्भरे बालाघाट, राजेश पटले खापा, लालचंद धनवानी गर्रा, सुरेश पटले रामपायली, विनय संचेती कटंगी, नीरज सोनू अग्रवाल कटंगी, बालकृष्ण बिसेन खमरिया, आकाश अग्रवाल उकवा, महेन्द्र पारधी केरा, सतीश छुटानि गर्रा, विनोद धनवानी गर्रा, अंशुल बोथरा कटंगी, दिपक शर्मा लालबर्रा, राकेश अग्रवाल खैरलाजी और आशीष सचदेव बालाघाट को मनोनित किया गया है।

रक्तदान महादान सेवा समिति भरवेली ने शहीद आशीष शर्मा की याद में स्कूली बच्चों को शैक्षणिक सामग्री का किया वितरण

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

जिला मुख्यालय से 90 किलोमीटर की दूरी पर स्थित वनांचल क्षेत्र ग्राम उसरी के शासकीय प्राथमिक शाला में 6 दिसंबर को रक्तदान महादान सेवा समिति भरवेली बालाघाट के द्वारा नक्सली हमले में अमर शहीद आशीष शर्मा जी की याद में स्कूल के छोटे-छोटे बच्चों को शैक्षणिक सामग्री पेन, पेंसिल, कॉपी, कलर, स्कूल बैग, एवं गर्म कपड़े का वितरण किया गया ताकि आने वाली पीढ़ी भी हमारे शहीदों के बारे में जान सके व उनमें भी राष्ट्रभक्ति, राष्ट्र प्रेम की भावना का संचार हो सके इसी क्रम में बच्चों को शिक्षा के प्रति प्रेरित भी किया गया तथा सभी बच्चे सामग्री प्राप्त कर बड़े ही उत्साहित नजर आए और सभी बच्चों ने मन लगाकर पढ़ने का वादा भी किया।

रक्तदान महादान सेवा समिति वनांचल क्षेत्र तथा ग्रामीण क्षेत्र में जरूरतमंद बच्चों को शैक्षणिक सामग्री का वितरण कर सक्रिय रही है आप सभी के सहयोग से ऐसे कार्य करते आ रही है और निरंतर आपका सहयोग से आगे भी कार्य करते रहेंगे आप सभी सदस्यों का हृदय से आभार व्यक्त करती हैं।